
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-केबीसी के सेट पर नीना गुप्ता ने अमिताभ बच्चन से पूछा पर्सनल सवाल


वर्ष -08 अंक -207 | प्रयागराज, शुक्रवार, 04 नवंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### राजपक्षे सरकार की गलत नीतियों ने 2019 में ही लिख दी थी देश की बदहाली की कहानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका के जो हालात दिखाई दे रहे हैं वो ठीक नहीं हैं। देश की जनता एक बार फिर से सड़कों पर है। उसको देखते हुए मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का भी राजनीतिक भविष्य कोई खास दिखाई देता है। देश की आर्थिक बदहाली के बाद जो विरोध-प्रदर्शनों देश में हुए उसकी वजह से राष्ट्रपति और पीएम को इस्तीफा तक देना पड़ा था। पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया तो उसके चलते 52 दिनों तक देश के बाहर रहना पड़ा था। लेकिन, इन सभी के बीच ये भी एक सच्चाई है कि मौजूदा समय में देश की जो हालत है उसकी कहानी 2019





में ही राजपक्षे सरकार ने लिख दी थी। देश की इस आर्थिक बदहाली की वजह इस सरकार का चीन के प्रति झुकाव था। श्रीलंका की राजपक्षे सरकार का झुकाव चीन के प्रति अधिक होने का नतीजा बाद में जनता को भुगतना पड़ा। इस सरकार में गोटाबाया राजपक्षे देश के राष्ट्रपति, उनके भाई महिंदा राजपक्षे पीएम और अन्य रिश्तेदार दूसरे अहम पदों पर मौजूद थे। राजपक्षे सरकार के दौरान आई कोरोना महामारी ने भी देश की आर्थिक वृद्धि पर ब्रैक लगा दिया। कोरोना मामलों के चलते देश में पहले लाकडाउन लगाया गया और फिर कई दिनों तक कर्फ्यू लगा रहा। ऐसे में देश में जरूरी चीजों की किल्लत शुरू हो गई। वर्ष 2008 में श्रीलंका का सबसे बड़ा बंदरगाह हंबनटोटा फायदे का सौदा था, लेकिन 2016 में आर्थिक नुकसान के चलते सरकार ने इसको चीन की कंपनी चाइना मर्चेंट पोर्ट 90 वर्षों की लीज पर दे दिया था। इसके बदले में श्रीलंका को सवा अरब डालर का भुगतान किया गया।

## गुजरात का 'दाऊद इब्राहिम', जानें उस गैंगस्टर के बार में जो बचपन में ही बन गया था सबसे बड़ा शराब माफिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दाऊद इब्राहिम के बारे में कौन नहीं जानता होगा। मुंबई में 1993 को हुए बम धमाके के लिए उसे मुख्य आरोपी माना गया था और भारत में मोस्ट वांटिड आतंकियों की सूची में उसे रखा गया है। दाऊद को आतंकियों के





सिंडीकेट डी कंपनी को चलाना वाला माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं गुजरात में भी एक ऐसा गैंगस्टर था जिसे वहां का दाऊद इब्राहिम कहा जाता था। यह कहानी है अब्दुल लतीफ की जो बचपन में ही अपराध की दुनिया में कदम रख चुका था। लेकिन आखिर ऐसा क्या था कि उसे दाऊद के नाम से जाना जाता था। आइए जानें इस रिपोर्ट से.... अब्दुल लतीफ गुजरात के एक गरीब परिवार में साल 1951 में जन्मा था और दरियापुर इलाके में रहता था। दरियापुर एक मुस्लिम बहुल इलाका था और अब्दुल के पिता यहीं तंबाकू बेचने का काम करते थे। गरीब होने के चलते अब्दुल की पढ़ाई 12वीं के बाद ही छूट गई और वह पिता के साथ काम करने लगा। लेकिन पैसों की कमी देख अब्दुल धीरे-धीरे गलत काम करने लगा। वह ज्यादा पैसे कमाने के लिए एक छोटे अपराधी अल्ला रक्खा के साथ मिलकर अवैध शराब बेचने में लग गया। अब्दुल गरीब खानदान से तो था लेकिन वह जल्द अमीर बनने की चाह रखता था। इसी के चलते वह अवैध शराब के धंधे में घुसा। गुजरात में उस समय भी शराब बैन थी, इसी के चलते कई अपराधी उस दौरान अवैध शराब बेचकर ज्यादा पैसा कमाने में जुट गए थे। अब्दुल पहले अल्ला रक्खा के साथ काम करता था लेकिन धीरे-धीरे उसे पूरा खेल समझ आ गया था। उसे अवैध शराब के बेचने का पूरा काम आ गया था और फिर क्या था उसने खुद ही बड़े स्तर पर इसे शुरू कर दिया। इसके बाद लालच ने उसे हथियारों के अवैध कारोबार में डाल दिया और इस कारोबार के माफिया कोरोबारी शरीफ खान के साथ वह अपराध की दुनिया में आगे बढ़ गया। अब्दुल लतीफ ने राजनीति में भी कदम रखा था। लतीफ को गलत कार्यों के लिए पासा एक्ट के तहत जेल की सजा हुई थी। इसी बीच लतीफ ने जेल से ही चुनाव लड़ने का मन बनाया और 1986-87 में होने वाले गुजरात के नगरपालिका चुनावों में पांच सीटों से चुनाव लड़ा। लतीफ का अपने इलाकों में ऐसा दबदबा था कि उसने सभी पांच सीटों (कालूपुर, दरियापुर, शाहपुर, जमालपुर और राखांड) से चुनाव भी जीत लिया। इसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट से जमानत भी ले ली। साल 1990 में लतीफ का संपर्क दाऊद से हुआ था। मुंबई बम धमाकों में भी लतीफ का नाम आया था, माना जाता है कि दाऊद के कहने पर उसने पाकिस्तान से गुजरात के पोरबंदर पोर्ट आई हथियारों की खेप को मुंबई पहुंचाया था। इन्हीं हथियारों का इस्तेमान मुंबई 1993 बम हमलों में हुआ था। बता दें कि अब्दुल लतीफ को टाडा और रासुका के तहत नामजद किया गया था, लेकिन वह गिरफ्तारी से पहले ही विदेश भाग गया। साल 1995 में वह पाक के रास्ते भारत आया और फिर दिल्ली में छिपकर रहने लगा। हालांकि थोड़े दिनों में ही वह गुजरातर्ें ऊए के हाथों पकड़ा गया। लतीफ को साबरमती जेल में दो साल रखा गया।

## शाहनवाज हुसैन ने ओवैसी पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (ँ्झ्) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन नें ँछ्म्झ् प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा। उन्होंने ओवैसी पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे को लेकर राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। समाचार एजेंसी एएनआइ से बातचीत करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि ओवैसी को पता होना चाहिए कि उत्तराखंड में बीजेपी की सरकार है और उत्तराखंड सरकार ने भी यूसीसी को लागू करने के लिए एक कमेटी बनाई थी। गोवा में पहले से ही समान नागरिक संहिता है। शाहनवाज हुसैन ने आगे कहा कि अगर भारतीय मुसलमान विदेश जाकर शादी करते हैं, तो वे वहां के नियमों का पालन करते हैं। यह केवल विवाह सुधार की बात है, यह पंजीकरण की बात है और समानता की बात है। अगर गुजरात सरकार ने एक समिति बनाई है तो ओवैसी को क्यों आपत्ति हैं? वह वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसा कर रहे हैं।शाहनवाज हुसैन ने आगे कहा कि भाजपा सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए नहीं बल्कि सभी की समानता के लिए काम करती है।



## दिल्ली एनसीआर की हवा हुई और भी जहरीली, दिन भर छाया रहा धुंध पराली प्रबंधन के दावे रहे खोखले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** केंद्र और राज्य सरकारों के पराली प्रबंधन के सारे दावे फिर खोखले रहे। पंजाब और हरियाणा में खुलेआम जल रही पराली के जहरीले धुएं की धुंध से एक बार फिर दिल्ली- एनसीआर डूब गया है। यहां की हवाओं में मंगलवार यानी दो नवंबर को पराली के धुएं की मात्रा 34 फीसद से ज्यादा रिपोर्ट की गई है, जो इस पूरे सीजन की अबतक की सबसे भयावह स्थिति है। इसके चलते आमलोग को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। यह स्थिति तब है जब केंद्र और राज्यों की ओर से पराली प्रबंधन को लेकर दर्जनों बैठकें और पराली के एक-एक टुकड़े के प्रबंधन के दावे किए गए थे। साथ ही पिछले पांच सालों में इससे निपटने के लिए करीब ढाई हजार करोड़ रुपए खर्च भी किए जा चुके है। इसके बाद भी समस्या बनी हुई है इस बीच दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जुड़ी एजेंसी 'सफर इंडिया' ने अगले एक- दो दिनों में हवा की गुणवत्ता के और भी खराब होने का संभावना जताई है। हालांकि यह बहुत कुछ मौसम और हवाओं की रफ्तार पर निर्भर करेगा फिलहाल दिल्ली- एनसीआर में हवाओं की गुणवत्ता (एक्यूआई) पिछले 24 घंटों में औसतन 424 के आसपास है। खास बात यह है कि पराली से निपटने के लिए केंद्र ने यह बैठक सिर्फ अधिकारियों के स्तर पर ही नहीं रखी थी बल्कि राज्यों के पर्यावरण और कृषि मंत्रियों के साथ भी अलग-अलग बैठकें की थी राज्यों ने पराली न जलने देने का भरोसा भी दिया था। हालांकि बैठक में पंजाब और दिल्ली



ने किसानों को पराली प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ के हिसाब से वित्तीय मदद देने का प्रस्ताव भी रखा था, जिसे केंद्र ने खारिज कर दिया था। इसके वाबजूद भी पंजाब में पिछले साल के मुकाबले अब तक पराली जलने की ज्यादा घटनाएं रिपोर्ट हुई है। वहीं हरियाणा व उत्तर प्रदेश में भी जहां इसे पूरी तरह से थामने का दावा था वह भी नहीं थमा है गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर को पराली के जहरीले धुएं से बचाने के लिए केंद्र सरकार वर्ष 2017 से ही प्रबंधन के नए-नए उपाय करने में जुटी है। इसे बीच वर्ष 2018-19 से 21-22 तक केंद्र की ओर से राज्यों को इसके प्रबंधन के करीब ढाई हजार करोड़ मुहैया भी कराए जा चुके है। इनमें अकेले पंजाब को एक हजार करोड़ से ज्यादा की राशि दी गई है। जिसमें उन्हें खेतों में ही पराली को नष्ट करने के लिए बायो-डीकंपोजर और सब्सिडी पर मशीनें भी मुहैया कराई गई है। पराली की समस्या सबसे ज्यादा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में है। यहां से हर साल करीब 27 मिलियन टन पराली निकलती है। तीनों राज्यों में इसका क्षेत्रफल करीब 47 लाख हेक्टेयर है। अभी किसानों द्वारा बुआई के लिए अपने खेतों को जल्द तैयार करने के लिए पराली खेतों में ही जलाई जाती है। फिलहाल राज्यों के साथ मिलकर जो योजना बनाई गई थी, उनमें से करीब नौ लाख हेक्टेयर क्षेत्र की पराली को बायो-डीकंपोजर की मदद से खत्म किया जाना था। इसके अलावा दो लाख मिलियन टन से ज्यादा पराली का इस्तेमाल थर्मल पावर प्लांट के लिए बनाए जाने पैलेट या ब्रिक्स ( कृत्रिम कोयला) बनाने में इस्तेमाल होना था। इसकी पूर्ति पंजाब, हरियाणा के अतिरिक्त देश से दूसरे हिस्सों से भी किए जाने की योजना बनाई थी इसके साथ ही प्रत्येक थर्मल पावर प्लांट के लिए अपनी कुल ईंधन खपत में से पांच से दस फीसद पराली से बनने वाले ईंधन को इस्तेमाल जरूरी करने का भी ऐलान किया गया था। थर्मल पावर ने इसकी खरीदी के लिए टेंडर भी जारी कर दिए थे। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( सीपीसीबी) ने पैलेट प्लांट लगाने के लिए एक नई योजना भी लांच की थी। इसके साथ ही पराली का इस्तेमाल एथेनाल प्लांट, बायोगैस प्लांट, पशुओं के चारे और पैकेजिंग में भी इस्तेमाल की योजना थी।

## 'गोवा में भ्रष्टाचार पर अंकुश, 5 वर्षों से नहीं मिली रिश्वतखोरी या आय से अधिक संपत्ति की कोई शिकायत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** क्या गोवा भ्रष्टाचार मुक्त हो गया है? गोवा के एसपी (सीबीआई) आशीष कुमार का कहना है कि यहां पिछले 5 वर्षों से रिश्वतखोरी या आय से अधिक



संपत्ति की एक भी शिकायत नहीं मिली है। इसका मतलब है कि गोवा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रति जनता की सहनशीलता बहुत बड़ी है। साथ ही आशीष कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार के विभाग यहां भ्रष्ट नहीं हैं। बता दें कि गोवा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री हैं। भाजपा नेता और सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट की पिछले दिनों गोवा के एक रिजॉर्ट में मौत हो गई थी। इसके बाद कई सवाल खड़े हुए थे, सोनाली फोगाट ने जिस रिजॉर्ट में ड्रग ली थी, उसे गिराने की कार्रवाई भी शुरू हो गई थी। प्रशासन पर भी कई सवाल उठे थे। इस मुद्दे पर जब आशीष कुमार से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'देखिए, मुझे गोवा में किसी भी भ्रष्ट गतिविधि के बारे में कभी कोई फोन नहीं आया, जिसमें मेरा सहयोग मांगा गया हो। यहां तक कि न जनता से और न ही मीडिया से ऐसी कोई मांग की गई। सीबीआई का नियमित काम भ्रष्टाचार विरोधी है, न कि (सोनाली) फोगाट मामला या कुछ और। गोवा में कोई भ्रष्टाचार नहीं है और यहां हमारी जरूरत नहीं है।

## भारत की उत्तरी सीमा पर चीनी गतिविधियों को लेकर अमेरिका सतर्क, कहा- चीनी कार्रवाई से रहना होगा सावधान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत की उत्तरी सीमा पर चीनी गतिविधियों को लेकर सतर्क है, क्योंकि वह क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों से नजरें नहीं हटा सकता। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कारण भारत-चीन के संबंध तनावपूर्ण हैं। नई दिल्ली में अमेरिकी रक्षा अधिकारी रियर एडमिरल माइकल एल बेकर ने कहा कि दक्षिण चीन सागर में भी चीनी कार्रवाइयों के बारे में सावधान होना होगा। अमेरिकी रक्षा अधिकारी रियर एडमिरल माइकल एल बेकर ने कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा संबंध समग्र द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा, हम इस क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करते हैं। हम क्षेत्रीय सुरक्षा



मुद्दों से अपनी नजर नहीं हटा सकते। उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका चीन के साथ भारत की सीमा पर घटनाक्रम पर नजर रख रहा है और आने वाले महीनों में चल रहे संघर्ष को अमेरिका कैसे देखता है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह भी कहा कि अमेरिका-भारत वेफ लिए पसंद का भागीदार बनना चाहता है और नई दिल्ली के पास अपने साथी चुनने की क्षमता है। वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा, दक्षिण चीन सागर में चीन का बहुत आक्रामक रुख है। हमें इस पर ध्यान देने और सतर्क रहने की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका चीन को रोकने के लिए भारत की मदद कर रहा है, उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा, भारत का अविश्वसनीय रूप से उज्ज्वल भविष्य है।

## केजरीवाल ने केंद्र सरकार से पूछा- वायु प्रदूषण पर सभी राज्यों की बैठक क्यों नहीं कर रहे पीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार का भी बचाव किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह जानबूझकर दर्शाया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए केवल पंजाब और आप ही जिम्मेदार हैं। भूपेंद्र यादव पर भी केजरीवाल ने साधा निशाना इसके साथ ही सीएम केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर सवाल उठाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को फटकार लगाई। केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में वायु प्रदूषण बढ़ा है। राजस्थान और मध्य प्रदेश के सभी शहरों में भी लगभग एक समान है।केजरीवाल ने की पीएम मोदी से मीटिंग बुलाने की मांग केजरीवाल ने पूछा कि क्या हर जगह वायु प्रदूषण के पीछे आम आदमी



पार्टी का हाथ है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा उत्तर भारत प्रदूषण का सामना कर रहा है तो इसका समाधान कौन निकालेगा उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को इसका समाधान खोजना चाहिए और उन्हें एक बैठक भी बुलानी चाहिए। सभी राज्यों की बैठक क्यों नहीं कर रहे हैं पीएम केजरीवाल ने कहा कि उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के बाद भी प्रधानमंत्री सभी राज्यों की बैठक क्यों नहीं कर रहे हैं वह इस समस्या का समाधान क्यों नहीं खोज रहे हैं अगर मुझे गाली देने से पूरे उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की समस्या हल हो सकती है, तो मुझे 24 घंटे गालियां दें, लेकिन यह कोई समाधान नहीं है।केजरीवाल ने कहा कि वायु प्रदूषण पूरे उत्तर भारत की समस्या है। वायु प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति की जा रही है, लेकिन कोई भी समाधान के बारे में बात नहीं कर रहा है। बल्कि यह दिखाया जा रहा है कि केवल पंजाब और आप ही बढ़ते वायु प्रदूषण का कारण है, लेकिन वायु प्रदूषण पूरे उत्तर भारत में हो रहा है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ दर्ज करने के लिए केंद्र ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को कई पत्र भेजे हैं। किसान देश के रोटी बनाने वाले हैं। केंद्र किसानों की मदद नहीं कर रहा है, केवल उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर रहा है। उन्होंने पराली जलाने से निपटने के हमारे प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

## भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर एडी-1 के दूसरे चरण का किया सफल परीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से दूसरे चरण की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर एडी-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह मिसाइल सभी प्रकार के लक्ष्यों को भेदने में पूरी तरह से सक्षम के साथ इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मिसाइल को एडवांस टेक्नोलाजी वाले एक विशेष प्रकार के इंटरसेप्टर के रूप में बताया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन




है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडी-1 के सफल उड़ान परीक्षण से जुड़ी और अन्य टीमों को बधाई देते हुए इस मिसाइल को एडवांस टेक्नोलाजी वाले एक विशेष प्रकार के इंटरसेप्टर के रूप में बताया, जो दुनिया के बहुत कम देशों के पास उपलब्ध है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर स्थित सभी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस हथियार प्रणाली तत्वों की भागीदारी ने दो नवंबर को ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से दूसरे चरण की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर 1 मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।' मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, एडी-1 एक लंबी दूरी की 'इंटरसेप्टर' मिसाइल है जिसे लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के साथ-साथ विमान को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।

## मुलायम सिंह यादव को मिले भारत रत्न, महाराष्ट्र कांग्रेस नेता ने लिखा राष्ट्रपति को पत्र


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक रहे मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद से लगातार उन्हें भारत रत्न दिए जाने की मांग उठ रही है। बता दें कि अलग अलग दलों के नेता राष्ट्रपति और



प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर उन्हें भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं। वहीं, अब महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर मांग की है कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को मरणोपरांत समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को दिया जाना चाहिए। नसीम खान ने अपने पत्र में लिखा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा ओबीसी से लेकर पिछड़े वर्ग के लिए काम किया, संघर्ष किया और उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा की इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाना चाहिए। वहीं, अब महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर मांग की है कि देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न को मरणोपरांत समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को दिया जाना चाहिए। नसीम खान ने अपने पत्र में लिखा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा ओबीसी से लेकर पिछड़े वर्ग के लिए काम किया, संघर्ष किया और उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा की इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाना चाहिए। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष खान ने कहा, समाजवादी पार्टी के नेता के निधन पर पूरे देश में शोक है। मैं अनुरोध करता हूं कि उन्हें करोड़ों लोगों की भावनाओं के सम्मान में भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।बता दें कि खान ने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखकर मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार राजदुत संघटन




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** ।अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार राजदुत संघटन, माहिती अधिकार,पोलिस भिन्न व पत्रकार संरक्षंण सेना, मुम्बई द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में लखनऊ की अभिनेत्री कंचन अवस्थी को फिल्मों में उनके अभूतपर्व योगदान के लिये डा0 अविनाश घसंकुडे, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राजेन्द्र पवार, महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा "भारत भूषण राष्ट्रीय सम्मान से सम्मनित किया गया। कंचन अवस्थी को अभी हाल ही में दिल्ली के अशोका होटल में हुए भव्य कार्यक्रम में भारत सम्मान-2022 से नवाज़ा गया। कंचन अवस्थी ने फीचर फिल्म फ्राड सैंया, मंटो रीमिक्स ( अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शित), लव हैकर्स, अंकुर अरोड़ा मर्डर केस, गन वाली दुलहनिया, भूत वाली लव स्टोरी, मैं खुदी राम बोस, चापेकर ब्रदर्स, जय जवान जय किसान, कुतुब मीनार सहित बहुत सी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। अभी हाल ही में भैया जी स्माइल सहित कई वेब सीरीज में कार्य किया है। धारावाहिक अम्मा में भी इनके किरदार को बहुत सराहा गया है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा एचआईवी के विरुद्ध युद्ध में हथियार बनेगी गाजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** । मिट्टी के सबसे बड़े दुश्मन गाजर घास (पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस) को उखाड़ फेंकने के लिए देशभर में अभियान चलाए जाते हैं, उस घास में ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस (एचआइवी) को नष्ट करने की गुणों का पता लगाने के लिए शोध शुरू किया था। इस पौधे का जल अर्क (सत) तैयार किया और इसमें ऐसे तत्व मिले जो पांच तरह के घातक जीवाणुओं (बैक्टीरिया) को मारने में सक्षम पाए गए। ज्योत्सना के अनुसार, विभिन्न शोध में घास में मिले तत्व विषाणुओं (वायरस) इसका क्लीनिकल परीक्षण शुरू करने की तैयारी में हैं। प्रो. बेचन शर्मा कहते हैं कि एचआइवी के इलाज में यह कारगर होंगें। हर्बल होने की वजह से इसके दुष्प्रभाव की संभावना बेहद कम है। गाजर घास के यौगिक एचआइवी पर तो प्रभावकारी हैं ही, इस घास में



क्षमता भी है। इसमें मौजूद चार यौगिक एचआइवी का न केवल म्यूटेशन रोकने में सक्षम है बल्कि यह दवा प्रतिरोध की समस्या छुटकारा दिलाने में भी कारगर है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग के विज्ञानियों ने जापान के कोयोतो विश्वविद्यालय के सहयोग से इन यौगिकों में एंटी एचआइवी गुणों का पता लगा लिया है। यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल बायोमेट रिसर्च इंटरनेशनल और जापान के जर्नल बायोलाजिकल माइक्रो मालीक्यूल्स में प्रकाशित भी है इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बेचन शर्मा के निर्देशन में ज्योत्सना जायसवाल ने चार खरपतवार प्रजातियों आर्जीमोन, मदार, कनेर और गाजरघास में एंटी बैक्टीरियल पर भी कारगर रहे। एचआइवी पर भी इसके प्रभाव का अध्ययन शुरू किया गया। शोध में कुल 28 यौगिक मिले, इसमें चार में एंटी एचआइवी गुण पाए गए। शोध में पाया गया कि यह चारों यौगिक एचआइवी वायरस के खिलाफ काफी असरकारक हैं और इनमें इस वायरस जीवनचक्र को बाधित करने की क्षमता है।इन यौगिकी के प्रभाव की गहनता से जांच के लिए विज्ञानियों ने कोयोतो विश्वविद्यालय जापान के विज्ञानियों की मदद ली। कोयोतो विश्वविद्यालय की उन्नत मशीनों से नैनोपार्टिकल स्तर पर जांच के बाद यह पाया गया कि इन यौगिकों की बेहद सूक्ष्म मात्रा भी काफी अत्यंत प्रभावकारी है। इस पर जापान के विज्ञानियों की मुहर के बाद अब इवि के विज्ञानी मिलने वाले अन्य तत्वों में बैक्टीरिया के खिलाफ भी बेहद प्रभावी गुण मिले हैं। ज्योत्सना श्रीवास्तव का कहना है कि इस घास में कई रासायनिक तत्व मिले हैं, जो बैक्टीरिया को मार सकते हैं। इन तत्वों का प्रयोग कर बैक्टीरिया नाशक दवा और मरहम भी तैयार किया जा सकता है। जैव रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बेचन शर्मा ने बताया कि जापान के कोयोतो विश्वविद्यालय के साथ मिलकर चार यौगिकों का परीक्षण किया गया है। यह चारों यौगिक कारगर पाये गए हैं। अब प्रयोगशाला में शोध पूरा करने के बाद क्लीनिकल परीक्षण किया जाएगा। यकीन है कि यह एचआइवी के खिलाफ जारी युद्ध में एक नए और प्रभावकारी हथियार के रूप योगदान देगा।

# पत्नी को डेंगू होने के बाद भी डफ़रिन अस्पताल के फार्मासिस्ट को नही मिली छुट्टी, मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, डाक्टर-नर्सों ने किया काम ठप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** ।महिलाओं के डफरिन अस्पताल में फार्मासिस्ट की पत्नी की मौत के बाद डाक्टरों और नर्सों समेत अन्य स्टाफ हड़ताल पर चले गए हैं । उनका कहना था कि अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता की वजह से फार्मासिस्ट की पत्नी की जान चली गई। स्टाफ के काम ठप करने से वहां भर्ती मरीजों के इलाज में रुकावट आ गई है। आरोप है कि फार्मासिस्ट विपिन मिश्रा पत्नी को डेंगू हो गया था। उनका इलाज कराने के लिए विपिन एसआईसी से अवकाश की मांग की थी लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इनकार कर दिया। आज विपिन की पत्नी का निधन होने पर नाराज कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया। उधर अस्पताल में नारेबाज़ी और बवाल की सूचना पर शाहगंज पुलिस पहुंच गयी है।



# हल्की ठंड में सजा गर्म कपड़ों का बाजार, प्रयागराज में इनर और पुलोवर की बढ़ गई है डिमांड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** । दिन में धूप की गर्मी और रात में हल्की ठंड के दस्तक देने के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार सज चुका है। लोग ठंड के लिए ऊन, रूई लेने के साथ ही रजाई, गद्दा व कंबल को भी तैयार करने में जुट गए हैं। शहर में छोटी दुकान से लेकर बाजारों में गर्म कपड़े दिखाई पड़ने लगे हैं। गोदाम कि दिन में मौसम भले ही अभी ठंड नहीं रहता है लेकिन शाम होते ही गुलाबी ठंड दस्तक देने लगती है, जबकि रात और भोर में अच्छी-खासी ठंडक का एहसास हो रहा है। चौक, सुलेम सराय, कोठा पारचा, हटिया मंडी, चौक, मनमोहन पार्क चौराह समेत शहर के अन्य प्रमुख बाजार में दुकानदारों ने गर्म कपड़ों के स्टाक



में स्वेटर, जैकेट, जींस आदि का स्टाक पहले से ही भर लिया गया है। अभी फिलहाल बच्चों के गर्म कपड़ों की मांग व बिक्री अधिक हो रही है। पिछले दिनों रह रहकर बदलते मौसम के चलते ठंड की शुरुआत हो चुकी है। कपड़ा व्यापारी आलोक केसरी ने बताया को पूरा कर लिया है। कानपुरी लेदर जैकेट इस दौरान युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है। आठ सौ रुपये से लेकर यह तीन हजार तक की रेंज में मौजूद है। विभिन्न रंगों के साथ ही यह जैकेट क्वालिटी वाइस भी युवाओं को काफी भा रही है।

# शादी से मना करने पर सिरफिरे युवक ने फेसबुक पर किया युवती को बदनाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** । विवाह से इनकार करने पर सिरफिरा युवक फेसबुक पर युवती को बदनाम कर रहा है। घरवालों ने शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। युवक की हरकत से परेशान युवती की मां ने मुट्ठीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने गिरफ्तारी करने की बात कही है। सगाई होने पर सिरफिरे ने एडिट फोटो डाली फेसबुक पर महिला का आरोप है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी की सगाई हो चुकी है। करीब दो साल पहले उसकी दोस्ती रोहित से हुई थी। जब सगाई की जानकारी रोहित को हुई तो उसने युवती पर शादी करने का दबाव डाला। युवती ने मना किया तो उसकी पुरानी तस्वीर को एडिट करके फेसबुक पर डाल दिया। इससे परिवार की छवि धूमिल होने लगी। यह भी आरोप है की रोहित ने युवती के मंगेतर को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने जब




रोहित की शिकायत उसके घरवालों से की तो जान से मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। फिलहाल पुलिस मुट्ठीगंज पुलिस ने मामले में आइटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध में सख्त रवैया अपनाया जा रहा है।

# हाईकोर्ट हुआ सख्त़, कल डीएम, सीएमओ और नगर निगम आयुक्त को पेश होने का आदेश

## 7 वकीलों की मौत, 100 बीमार; जजों की कॉलोनियों तक में फॉगिंग नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज में फैले डेंगू प्रकोप पर कहा की, जमीनी हकीकत, बताए गए कदमों से बिल्कुल उलट है। बिंदल एवं न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने दिया है। पिछली तारीख पर कोर्ट ने चकबंदी अधिकारी की तैनाती को लेकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए टिप्पणी की थी कि चकबंदी



बीमारी रोकने के लिए कहीं कुछ उपाय होता नहीं दिख रहा है। कोर्ट ने शुक्रवार को प्रयागराज के डीएम, सीएमओ और नगर निगम के आयुक्त समेत सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सुनवाई के समय हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश अधिकारी अब डॉक्टरों का भी काम करेंगे। वहीं नगर निगम के अधिवक्ता एसडी कौटिल्य ने आशंका जताई कि फॉगिंग के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसे में लगता है कि यह डेंगू नहीं कोई और बीमारी है, जो फेफड़े, हृदय, लिवर, किडनी आदि को प्रभावित कर रही है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके ओझा का कहना था, श्मशान घाट से रिपोर्ट मंगा ली जाए तो पता चल जाएगा कि बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। आंकड़ा मिल जायेगा। इस पर कोर्ट ने कहा, शासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा। उठाए गए कदमों की अपेक्षा ग्राउंड रियलिटी अलग है। डाटा नहीं ग्राउंड रियलिटी देखें। डेंगू से सात वकीलों की मौत हो चुकी है जबकि 100 वकील बीमार हैं। जजों की कॉलोनियों सहित पाश इलाके में फॉगिंग नहीं की गई है। वहीं याची के अधिवक्ता ने कहा, नगर निगम जाड़े का इंतजार कर रहा कि शायद जाड़े में डेंगू का प्रकोप खत्म हो जाय। फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। इस पर निगम के अधिवक्ता ने कहा, जनता का सहयोग नहीं मिल रहा। उठाए गए कदमों से असंतुष्ट कोर्ट ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारी को हाजिर रहने का आदेश दिया। सुनवाई चार नवंबर को होगी। कहा, निगम की ड्यूटी है कि वह नगर को साफ -सुथरा रखे। टेस्टिंग नहीं प्रिवेंटिव उपाय चाहिए।

# ठेकेदारों ने भुगतान न मिलने पर माघ मेले के कामों का किया बहिष्कार, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** । पिछले दो सालों से माघ मेले में किए गए कामों का भुगतान ना होने के कारण पीडब्ल्यूडी है कि पिछले दो सालों का पैसा अभी तक भुगतान नहीं हुआ और फिर दोबारा माघ मेले का काम आ गया है। ठेकेदार कल्याण समिति




के ठेकेदारों ने बुधवार को कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। ठेकेदार कल्याण समिति का कहना के अध्यक्ष सुदामा सिंह और संरक्षक रमाशंकर पांडे ने अपनी 5 सूत्री मांगों के साथ मुख्य सचिव लखनऊ , प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागीय अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग लखनऊ, तथा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रयागराज, कमिश्नर और मेला अधिकारी को पत्र सौंपा है। उनका कहना है की अगर ठेकेदारों का भुगतान ना हुआ तो इस बार मेला अधर में लटक जाएगा। अभी नवंबर चल रहा है और मेले का कार्य शुरू हो जाना चाहिए लेकिन ठेकेदारों के भुगतान न होने के कारण मेले में खलल पैदा हो सकती है। मंगलवार को टेंडर खोला गया लेकिन किसी ठेकेदारों ने रुचि नहीं दिखाई।

# दुष्कर्म के बाद विधवा महिला की सिर कूचकर हत्या, कपड़े पडे थे अलग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के अंतू इलाके में बुधवार रात एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह उसका शव घर से दूर सई नदी किनारे पेड़ के पास पड़ा मिला। महिला के कपड़े अलग पड़े थे। पेटीकोट भी दूर पड़ा मिला जिससे पुलिस ने शक जताया है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। सिर पर चोट थी जिससे पुलिस को आशंका है कि कत्ल सिर कूचकर किया गया था। कातिलों की तलाश की जा रही है। सुबह इस घटना की खबर पाकर घटनास्थल पर अंतू पुलिस के साथ एडिशनल एसपी विद्यासागर मिश्रा और सीओ सुबोध गौतम पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि तकरीबन 55 वर्षीय महिला के पति का देहांत हो चुका था। उसके दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा ननिहाल में रहकर ठेकेदारी करता है। वह अपने छोटे बेटे और बेटी के साथ जेठ के परिवार के साथ रहती थी। बुधवार को वह घर से यह कहकर निकली थी मायके जा रही है। फिर उसके साथ क्या हुआ किसी ने देखा नहीं और न तो किसी को भनक लगी। सुबह घर से दूर सई नदी की तरफ गए लोगों ने आम के पेड़ के नीचे महिला को मृत पड़ा देखा। चेहरे को साड़ी से ढका गया था। अंत वस्त्र दूर पड़े थे। शव देखने वाले शख्स ने शोर मचाया तो भीड़ जुटी और फिर अंतू पुलिस वहां पहुंची। कौन है कातिल, पुलिस के सामने बड़ा सवाल पुलिस को शव के निरीक्षण से आशंका है कि महिला के सिर पर किसी भारी पत्थर से वार किया गया था। यानी सिर कूचकर हत्या की गई थी। मौके के हालात तो यही इशारा कर रहे है कि दुष्कर्म के बाद कत्ल किया गया था। कातिल कोई आसपास का ही शख्स हो सकता है। कत्ल की वजह भी कातिल के पकडे ज़ाने पर ही पता चल सकेगी।







# जौनपुर में बदलापुर महोत्सव के दौरान अक्षरा सिंह के कार्यक्रम में पथराव से मची भगदड़ में तोड़फोड़, हंगामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर।** जिले में इन दिनों बदलापुर महोत?सव के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में बदलापुर महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भारी भीड़ के बीच से अभिनेत्री अक्षरा सिंह के कार्यक्रम के दौरान पथराव से भगदड़ मच गई। इस दौरान मची भगदड़ के दौरान लोग अपनी जान बचाने के लिए कार्यक्रम से भागने लगे। मची भगदड़ और तोड़फोडे के दौरान इस दौरान कुर्सियां भी टूट गईं और एक युवक का पथराव से सिर फट गया। पुलिस ने लाठी भांजकर किसी तरह भीड़ को नियंत्रित किया। पथराव के चलते भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह को बीच में ही मंच छोड़कर जाना पड़ा। कार्यक्रम को रोकने के बाद बड़ी मुश्किल से आयोजन को संभालना





पड़ा। हुआ यूं कि अक्षरा सिंह को देखने व सुनने के लिए महोत्सव में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके आने के पूर्व से ही भीड़ हुटिंग कर रही थी। रात पौने दस बजे जैसे ही उन्होंने मंच पर चढ़कर अपने दो गीतों को गाकर तीसरा शुरू किया। वैसे ही मंच पर भीड़ से किसी ने पत्थर फेंक दिया। जो वादकों पर जाकर गिरा। इस पर अक्षरा ने कहा कि आप लोग चाहते हैं कि कार्यक्रम न हो तो नहीं होगा। मैं जा रही हूं। इसके बाद पथराव शुरू हो गया। इससे भगदड़ मच गई।कार्यक्रम के दौरान शाहपुर निवासी राकेश गुप्त का पुत्र शिवम घायल हो गया। उसके सिर में चोटे लगी। जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। मौके पर सैकड़ों कुर्सियां टूट गई। पुलिस लाठियां भांजकर उपद्रवियों को नियंत्रित किया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया था। जिन्हें जांच के बाद छोड़ दिया गया है।

# आजमगढ़ में इलाज के लिए भर्ती बंदी जिला अस्पताल से फरार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

आजमगढ़ । जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती बंदी बुधवार को फरार हो गया। इसे एक दिन पहले गंभीर हालत में जेल से लाकर भर्ती कराया गया था। पुलिस की देखरेख में इसका इलाज चल रहा था। सीओ सदर शक्ति मोहन अवस्थी अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। पुलिस ने फरार बंदी के घर पर छापेमारी भी की, लेकिन हाथ नहीं लगा। रौनापार थाना के तुरकौली निवासी सूरज कुमार (20) को पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह जिला कारागार में बंद था। मंगलवार की शाम को उसकी तबीयत खराब होने पर जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस लाइन के दो सिपाहियों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा था।बुधवार की दोपहर बाद वह अचानक जवानों को चकमा देकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद जवानों ने सूचना कंट्रोल रूम व उच्चाधिकारियों को दी। शहर कोतवाल शशि चंद्र चौधरी समेत शहर के चौकी प्रभारी पहुंचकर छानबीन जुट गए। पुलिस उसके गांव व घर में दबिश दी, लेकिन वह पकड़ा नहीं गया। सीओ सदर शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लापरवाह जवानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# वाराणसी में 7 नवंबर को देवदीपावली और 8 को पूर्णिमा का स्नान-दान, ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण का मोक्ष शाम 6.19 बजे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**वाराणसी।** तिथियों के फेर से अबकी देव दीपावली महोत्सव सात नवंबर की शाम मनाया जाएगा तो कार्तिक पूर्णिमा के स्नान-दान आठ नवंबर को प्रातः होंगे। कारण यह कि कार्तिक पूर्णिमा सात नवंबर की शाम 3.58 बजे लग रही है जो आठ नवंबर की शाम 3.53 बजे तक रहेगी। शास्त्रीय वचन अनुसार त्रिपुरोत्सव (देव दीपावली) सांध्य व्यापिनी पूर्णिमा में मनाई जाती है। वहीं स्नान-दान के विधान उदया तिथि अनुसार होते हैं। हालांकि कार्तिक पूर्णिमा (आठ नवंबर) पर खग्रास ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण लग रहा है। इस स्थिति में श्रीकाशी विद्वत परिषद ज्योतिष प्रकोष्ठ ने शास्त्रीय विचार-मंथन कर पूर्णिमा के पर्व-उत्सवों के संबंध में निर्णय दिए हैं। इसमें निर्णय सिंधु का उद्धरण है कि 'पूर्णिमायां तु संध्यायां कर्तव्यास्त्रिपुरोत्सवः' और भार्गवार्चनदीपिका में कहा गया है- 'त्रिपुरोत्सवः प्रदोषव्यापिन्यां पुर्णिमायां कार्यः'। व्रतराज के इन वचनों के अनुसार सात नवंबर की शाम ही देवदीपावली मनाया जाना उचित होगा। श्रीकाशी विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामनारायण द्विवेदी के अनुसार उदयातिथि अनुसार कार्तिक पूर्णिमा में आठ नवंबर को चंद्रग्रहण के सूतक से पूर्व तिथि अनुसार स्नान-दान, पूजन-अनुष्ठान किए जाएंगे। इसके साथ कार्तिक पर्यंत स्नान-दान, यम-नियमादि का समापन हो जाएगा। कार्तिक अमावस्या पर ग्रस्तास्त सूर्यग्रहण ने पांच दिवसीय दीप-ज्योति पर्व श्रृंखला के उत्सवों में व्यवधान किया तो पूर्णिमा पर आठ नवंबर को खग्रास चंद्रग्रहण लग रहा है। यह संपूर्ण भारत के साथ दुनिया के कुछ हिस्सों में भी दृश्य होगा। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री के अनुसार सार्वभौमिक (यूनिवर्सल टाइम) समयानुसार ग्रहण का स्पर्श दोपहर 2.39 बजे, मध्य शाम 4.29 बजे और मोक्ष शाम 6.19 बजे होगा। भारत में चंद्रमा ग्रहण ग्रस्त होने के बाद उदित होगा जिसे ग्रस्तोदित चंद्र ग्रहण कहा जाएगा।



# महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सेफ सिटी योजना की शुरुआत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**आजमगढ़।** शासन ने महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए सेफ सिटी योजना की शुरुआत की है। इस योजना से जिले को भी आच्छादित किया गया है। जिसमें जिन स्थानों पर महिलाओं का आवागमन अधिक होता है वहां पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बैंकों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक अधिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कमिश्नर मनीष चौहान ने एडीएम प्रशासन एवं एसपी सिटी को स्थलों का चयन कर कैमरे लगाए जाने के जिए विवरण तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने बुधवार को यह निर्देश अपने कैंप कार्यालय में योजना की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिये। कमिश्नर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से नगरीय क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की स्थापना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल सर्वे करा लें। जहां लाइट खराब हैं वहां ठीक कराएं। जहां अभी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर लगवाना सुनिश्चित करें। डीएम विशाल भारद्वाज ने निर्देश दिया कि पिंक टायलेट के समुचित रख रखाव की भी व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पहले से ही सारी कार्रवाई मुकम्मल कर ली जाए। अपर आयुक्त (न्यायिक) हंसराज, एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, एसपी सिटी शैलेंद्र लाल, एडीएम सचिव बैजनाथ जिला प्रोबेशन अधिकारी बीएल यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज केएल चौधरी, ईओ मनोज कुमार थे।कमिश्नर ने कहा कि इंटीग्रेटेड स्मार्ट कंट्रोल रूम की स्थापना के लिए 500 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता है। डीएम से कहा कि एडीए सचिव या ईओ के माध्यम से उपयुक्त जमीन को देख लिया जाए। यदि भूमि उपलब्ध नहीं है तो शासन से निर्देश प्राप्त कर क्रय की कार्रवाई कराएं। दो मंजिला भवन में बनेगा पिंक बूथ सेफ सिटी योजना के तहत पिंक बूथ के लिए लगभग 150 वर्ग फीट भूमि की आवश्यकता होगी। जिसपर दो मंजिला निर्माण कराया जाएगा। पिंक बूथ में दो कक्ष, टायलेट, सोलर पैनल, फर्नीचर, कंप्यूटर इत्यादि की व्यवस्था की जानी है।



# यूपी के विकास के लिए संकल्पित है प्रदेश सरकार, जौनपुर में बोले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर।** सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में बदलापुर महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि सरकार की जनकल्याणकारी के साथ ही सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आगे आएं। जहां एक मंच पर सबको सबकुछ मिल सके। यूपी के विकास के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। बदलापुर विधायक प्रदेश के इकलौते विधायक हैं जिन्होंने ऐसा आयोजन किया है। कहा कि बदलापुर के विकास से कोई समझौता नहीं है। विधायक रमेश चंद्र मिश्र विकास के लिए जो मांगेंगे उसे प्रदेश सरकार देगी। भारत की प्राचीन व्यायाम मलखम को देखकर कलाकारों से कहा कि प्रदेश के सभी युवाओं को सीखा दो। जिससे लोग स्वस्थ रहें। डेंगू प्रकोप को देखते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। आप सभी मच्छरों के साथ बीमारियां न पनपे इसमें सहयोग प्रदान करें। उन्होंने विधायक रमेश चंद्र मिश्र की मांग पर महराजगंज व सिंगरामऊ अस्पताल को उच्चीकृत कराए जाने की बात कही। सीएमओ से कह दिया गया है कि कोई भी अस्पताल चिकित्सक विहीन न रहे तथा समय से पहुंचकर ओपीडी करें। उन्होंने महराजगंज व सिंगरामऊ अस्पताल को उच्चीकृत कराए जाने की भी बात कही। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि यह महोत्सव अच्छा प्रयास है। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने किया। इस अवसर पर शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, पूर्व प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, विनय सिंह, अमित मिश्र, मृगेंद्र सिंह शिवबाबा, योगेश पांडेय आदि उपस्थित थे।इलेक्ट्रिक चाक से बनाया पुरवा, ली चाय की चुस्की डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जब सरकारी स्टालों का उद्घाटन करने पहुंचे तो खादी ग्रामोद्योग विभाग के स्टाल पर रखी इलेक्ट्रिक चाक देखते ही पुरवा बनाने लगे। स्वयं सहायता समूह के स्टाल पर विभिन्न प्रकार की चाय देखकर उसकी चुस्की भी ली। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने एक जनपद व एक उत्पाद के तहत जिले के उत्पाद दरी व इत्र का नमूना भेंट किया।35 स्टालों का हुआ उद्घाटनउप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विभिन्न विभागों के लगाए गए 35 स्टालों का उद्घाटन किया।



# व्यवसायी को गोली मारने वाले बदमाशों ने वाराणसी से चोरी की थी बाइक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चंदौली।** दुर्गापुर के पास मंगलवार को बदमाशों की गोली से घायल व्यवसायी की हालत खतरे से बाहर है। चिकित्सकों ने आपरेशन कर जबड़े में फंसी गोली बाहर निकाल दी है। पुलिस घटना को व्यावसायिक रंजिश की नजर से देख रही है। जांच में पता चला कि घटना में प्रयुक्त बाइक को बदमाशों ने पिछले माह वाराणसी के लंका से चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। बहरहाल घायल के बयान पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि घटना की मुख्य वजह क्या है। मामले का राजफाश करने के लिए क्राइम ब्रांच की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। बता दें कि मंगलवार की शाम खडेहरा स्थित अपनी दुकान से लौटते समय तेंदुईपुर निवासी 55 वर्षीय लालब्रत चौहान को बाइक सवार दो बदमाश गोली मारकर उनकी बाइक लूट ली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बदमाश पहले से घटनास्थल पर मौजूद थे। एक ने व्यवसायी को रोककर एक-डेढ़ मिनट बात की। इसके बाद दूसरे ने उनके सिर में बेहद करीब से 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस के मुताबिक हमला जानलेवा था, लेकिन व्यवसायी की तत्परता से गोली सिर में न लगकर जबड़े में फंस गई। घटना में शामिल बदमाश आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि अंदेशा है कि घायल हमलावरों को पहचानता है। अभी पीड़ित बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसके बयान के बाद मामले का राजफाश कर दिया जाएगा। पुलिसकर्मी देख रहे थे क्रिकेट, पास से गुजर गए बदमाश सकलडीहा के सघन तिराहे से कुछ ही दूरी पर व्यवसायी पर गोली चली थी। अधिकारी मामले की छानबीन का दावा कर रहे हैं। मजे की बात यह कि घटना के समय पुलिसकर्मी तिराहे पर बैठकर क्रिकेट देखने में मशगूल थे। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश तिराहे के पास से ही गुजर गए, लेकिन पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। वारदात से आसपास के लोगों में अभी भी दहशत है। व्यवसायी पर हुए हमले से स्थानीय व्यापारी आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि पुलिस शीघ्र मामले का राजफाश नहीं करती है तो एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

15% Fee Concession

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्टिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# एसडीएम ने एमएस के साथ मारा छापा, अवैध रूप से संचालित ओम साईं अस्पताल सील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गाजीपुर।** अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के तहत एसडीएम जखनियां आशुतोष श्रीवास्तव व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक व दुल्लहपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से ओम साईं अस्पताल में छापेमारी की। अस्पताल को सीज करने के साथ ही मुकदमा दर्ज कराया गया। एसडीएम की छापेमारी में ओम साईं अस्पताल का संचालक नन्हक राम निवासी हरिहरपुर मरदह नहीं मिला। दिनेश कुमार निवासी लेदीहां, रिंकू देवी पत्नी दिनेश कुमार व ममता कुमारी निवासी मटुकपुर अस्पताल पर मौजूद मिलीं। जांच के दौरान अस्पताल भवन के ग्राउंड फ्लोर पर डॉक्टर के बैठने, मेडिकल स्टोर,ओपीडी चेंबर, ऑपरेशन थिएटर बना पाया गया।अस्पताल में चलाया जा रहा था पैरामेडिकल संस्थान ऑपरेशन के लिए पर्याप्त उपकरण, दवा, ऑक्सीजन सिलेंडर मिला। अस्पताल के प्रथम तल पर पैरामेडिकल संस्थान चलाया जा रहा था। कौशल विकास की आड़ में यह पूरा अस्पताल अवैध रूप से बिना डिग्री होल्डर के ही संचालित किया जा रहा था। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था अस्पताल एसओ शैलेश कुमार मिश्र ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल को सील कर दिया गया है। उसके संचालक पर संबंधी धारा में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। उधर, टीम के पहुंचते ही अन्य झोलाछाप फरार हो गए। अस्पतालों से बोर्ड भी हटा दिया गया है। नगर में फर्जी ढंग से दर्जनों अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी पर संचालित हो रहे हैं। इन अस्पतालों के संचालक वाराणसी सहित अन्य बड़े शहरों के डिग्री धारक चिकित्सकों से मिलकर उनकी डिग्री लेकर अपने अस्पताल का पंजीकरण आसानी से करा ले रहे हैं। अस्पताल में झोला छाप चिकित्सकों के हाथ मरीजों का उपचार कराकर उनका दोहन करते हैं। यही नहीं इन अस्पतालों में सभी बड़े और छोटे ऑपरेशन भी इन्ही झोला छाप चिकित्सकों से कराकर मरीजों को मौत के मुंह में धकेल देते हैं। मरीजों को लाने के लिए गांव- गांव में एजेंट और स्वास्थ्य विभाग से जुडी महिला कर्मचारियों को रखे हुए हैं जिन्हें कमीशन दिया जाता है।




# सड़क हादसे में पिकअप व टीयूवी के टक्कर में 9 घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र ।** हाथीनाला क्षेत्र के अंतर्गत रेणुकूट हाथीनाला मुख्य मार्ग स्थित हथवानी मोड़ के पास पिकअप और टियूवी वाहन में आमने-सामने टक्कर हो जाने से 9 लोग हुए घायल । थाना प्रभारी हाथीनाला रविंद्र प्रसाद ने बताया कि बृहस्पतिवार के भोर में लगभग तीन बजे रेणुकूट हाथीनाला मुख्य मार्ग पर हथवानी मोड़ के पास एक पिकअप और टीयूवी वाहन मे आमने सामने टक्कर हो जाने से पिकअप वाहन में सवार चालाक 1- हेमंत कुमार पुत्र नंगघू लाल उम्र 30 वर्ष, 2- विवेक कुमार पुत्र अजायब लाल उम्र 30 वर्ष, निवासी गण डभाव थाना नैनी जिला प्रयागराज व टीयूवी वाहन मे सवार 1- चालाक - सुशील कुमार सिंह पुत्र गोविंद सिंह सिंह उम्र 30 वर्ष , 2- गोविंद सिंह उम्र 55 वर्ष , 3- आशीष सिंह , 4- सरोज देवी ,5- सोनी सिंह, 6- गायत्री देवी ,7-अंकित सिंह निवासी रेणुकूट थाना पिपरी सोनभद्र घायल हो गए । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस द्वारा हिंडालको हॉस्पिटल रेणुकूट भेजवाया । दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे करा यातायात को बहाल कराया गया ।




# अभ्यर्थियों के लिए गाइडलाइन जारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** यहां चूके तो पछताने के अलावा कुछ हाथ नहीं लगेगावाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरे मैदान में अग्निवीर भर्ती 16 नवंबर से शुरू हो रही है। बनारस समेत पूर्वांचल के 12 जिलों के एक लाख 43 हजार 286 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अग्निवीर भर्ती चयन प्रक्रिया 16 नवंबर से वाराणसी के छावनी क्षेत्र स्थित रणबांकुरे मैदान में शुरू हो रही है। ऐसे में 12 जिलों के एक लाख 43 हजार अभ्यर्थियों के लिए सेना भर्ती कार्यालय की ओर से गाइडलाइन भी जारी की गई। आवेदन फॉर्म पर लगे फोटो और चेहरे में मिलान नहीं होने पर अभ्यर्थी बाहर हो सकते हैं सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक ऋषि दुबे के अनुसार कई बार आवेदन के दौरान फॉर्म पर लगी फोटो के बाद युवाओं के चेहरे में बदलाव दिखने लगता है। दाढ़ी या बाल बढ़ने पर मिलान में दिक्कत आती है। इससे अभ्यर्थियों को रोका जाता है। इससे बचने के लिए आवेदन फॉर्म और आधार कार्ड पर लगी फोटो जैसा ही चेहरा होना चाहिए। सेना की ऑफिशियल वेबसाइट जरूर देखें ऋषि दुबे के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थी दलालों के चक्कर में न आएं और भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से पहले सेना के दिशा निर्देश की सही जानकारी के लिए सेना की ऑफिशियल वेबसाइट जरूर देखें। भर्ती प्रक्रिया के दौरान मोबाइल के साथ ही अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस बैन है। अनुशासित तरीके से भर्ती प्रक्रिया में भाग लें। अभ्यर्थियों को फोटोकॉपी के साथ मूल प्रमाणपत्र साथ रखना चाहिए। छावनी परिषद स्थित भर्ती कार्यालय के पास रणबांकुरे मैदान में अग्निवीर अपना दम दिखाएंगे। रैली में बनारस, चंदौली, बलिया, देवरिया, सोनभद्र, मिर्जापुर, गाजीपुर, मऊ, गोरखपुर, संत रविदास नगर भदोही के एक लाख 43 हजार 286 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

# बेकाबू ट्रक ने कई वाहनों में मारा टक्कर, सिपाही घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**सदर कोतवाली क्षेत्र के बिच्छी गांव के समीप राजमार्ग पर एक ढाबा के समीप मंगलवार की रात बेकाबू ट्रक ने कई चार पहिया वाहनों में टक्कर मार दी। घटना में एक कार सवार कांस्टेबल संदीप निर्मल (27) घायल हो गया। हादसे के बाद फरार ट्रक की तलाश में जुटी है। रात करीब साढ़े नौ बजे बिच्छी गांव के पास स्थित एक ढाबा के सामने कई चार पहिया वाहन खड़े थे। उसी दौरान हिंदुआरी की ओर से तेज रफ़्तार से राबर्ट्सगंज की तरफ जा रहे एक ट्रक ने पीछे से सामने जा रही एक कार में टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़े तीन अन्य कार में भी धक्का मार दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। उधर, हादसे में कार में सवार पुलिस चौकी हिंदुआरी में तैनात कांस्टेबल संदीप निर्मल को चोट आई। संदीप ड्यूटी से कार वाले से लिफ्ट लेकर सदर कोतवाली जा रहे थे। दुर्घटना की जानकारी होते ही फोर्स मौके पर पहुंच गई। संयोग रहा हादसे में सिपाही और कार चालक गंभीर चोंट नहीं आई। हालांकि वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। फोर्स के साथ कोतवाल दिनेश पांडेय के अलावा कई दरोगा अलग टोल प्लाजा समेत अन्य जगहों पर धक्का मारने वाले ट्रक की तलाश में जुट गए, लेकिन उसका पता नहीं चला। इंस्पेक्टर का कहना है कि ट्रक की खोजबीन की जा रही है। क्षतिग्रस्त वाहनों के स्वामी जो तहरीर देंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# सति बीमार, पत्नी प्रेमी के साथ आभूषण लेकर फरार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति के बीमार होने पर पत्नी आभूषण और नकदी लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने फरार पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राबर्ट्सगंज कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2007 में मिर्जापुर जिले की रहने वाली युवती के साथ हुई है। उन लोगों ने तीन बच्चों को जन्म दसिया। उसकी पत्नी का मां से संबंध अच्छा नहीं होने के कारण अक्सर विवाद होता रहता है। विवाद करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देती है। उसका कहना है कि 15 सितंबर को उसकी तबीयत खराब हो गई और वह जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए भर्ती हो गया। उसी दौरान पत्नी पड़ोस के रहने वाले एक युवक के साथ जेवर, हजारों रुपये नकदी लेकर फरार हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर उसकी पत्नी समेत दो के खिलाफ चोरी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# ग्राम सचिवालयों में होंगे कई कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** लालगंज के खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में प्रधानो, ग्राम विकास अधिकारियों, रोजगार सेवकों व पंचायत मित्रों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विकास खंड के 53 ग्राम पंचायतों में बनाए गए सचिवालयों में एमआईएस फीडिंग व मस्टररोल का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक दर्जन गांवों में रोजगार सेवक और चार गांवों में पंचायत मित्र व रोजगार सेवक दोनों नहीं हैं। ग्राम सचिवालयों में मस्टर रोल फीडिंग आदि कार्य शुरू हो जाने पर ब्लॉक मुख्यालय पर भार कुछ कम हो जाएगा। इससे मजदूरों के पारिश्रमिक के भुगतान में तेजी आएगी खंड विकास अधिकारी ने बताया कि आईडी पासवर्ड जनरेट कर दिया गया है। जिन गांवों में रोजगार सेवक नहीं हैं, वहां पंचायत मित्र काम करेंगे। जहां रोजगार सेवक व पंचायत मित्र दोनों नहीं हैं, वहां पंचायत सचिव आईडी जनरेट कर काम शुरू कर देंगे। किसी भी स्थिति में मनरेगा का कार्य रोका नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजरा, अतरैला, गंगहारा, जयकर, कठवार, खैरा कटाई, रजई, रामपुर कामता प्रसाद, मुंशीपुर, रामपुर में रोजगार सेवक नहीं है। गंगा शायर नेवढ़िया, पतार कला, पतुलकी गांव में पंचायत मित्र नहीं हैं। इन स्थानों पर पंचायत सचिव काम करेंगे। बैठक में श्यामधर तिवारी, महेंद्र, शशिकांत, अजय कुमार, दिलीप, संजीव कुमार, श्याम बहादुर सिंह, विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

# घंटाघर को म्यूजियम बनाने के लिए पुरातत्व विभाग ने मांगे अभिलेख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।**घंटाघर को म्यूजियम बनाने के लिए पुरातत्व विभाग ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें घंटाघर से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने केंद्र सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री से मुलाकात कर घंटाघर को म्यूजियम बनाने के लिए बीते जुलाई माह में पत्र सौंपा था। केंद्रीय मंत्री ने पालिका अध्यक्ष को उस दौरान इस दिशा में जल्द जरूरी कदम उठाने का भरोसा दिया था। इस बीच पुरातत्व विभाग द्वारा घंटाघर को म्यूजियम बनाने के लिए अभिलेख मांगे जाने पर पालिका अध्यक्ष ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि घंटाघर नगर के एतिहासिक धरोहरों में से एक है। इस इमारत के संरक्षण की दृष्टि से उन्होंने केंद्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री से मुलाकात कर म्यूजियम बनाने की मांग की थी। दो साल पहले ही घंटाघर स्थित नगर पालिका कार्यालय को लालडिग्गी क्षेत्र में शिफ्ट किया गया था। ताकि घंटाघर को म्यूजियम बनाने में कोई दिक्कत न हो। अब पुरातत्व विभाग ने जिलाधिकारी को



पत्र लिखकर राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। इससे म्यूजियम बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि घंटाघर को म्यूजियम बनाए जाने से इस धरोहर का संरक्षण तो होगा ही, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। म्यूजियम का नामकरण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नाम पर किया जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की चेतगंज में ससुराल और गणेशगंज में ननिहाल है। कायस्थ महासभा द्वारा भी म्यूजियम का नामकरण शास्त्री जी के नाम पर करने की मांग की गई थी।

# पांच साल में बढ़े दो नए निकाय मतदाताओं की संख्या हुई दोगुनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पिछले पांच वर्षों में दो नई निकायों के गठन और चार निकायों के सीमा विस्तार के बाद सूची में मतदाताओं की संख्या में



भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 के चुनाव में जिले की आठ निकायों में 117235 मतदाता थे। वहीं इस बार के चुनाव से पहले जारी हुई दस निकायों की अनंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 264063 है। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि दोगुने से भी अधिक है। मतदाताओं के लिहाज से अनपरा नगर पंचायत जिले की सबसे बड़ी निकाय है, जहां राबर्ट्सगंज नगर पालिका से भी करीब 12 हजार से अधिक मतदाता हैं। निर्वाचन विभाग की तरफ से जारी की गई अनंतिम मतदाता सूची के अनुसार घोरावल नगर पंचायत में पहले 5648 मतदाता थे, मतदाता पुनरीक्षण के बाद यह संख्या बढ़कर 6031 हो गई है। नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज (सोनभद्र) के विस्तारिकरण के बाद कुल मतदाता 62165 हो गए थे। मतदाता पुनरीक्षण के बाद अब 65548 मतदाता हो गए हैं। वहीं नवगठित अनपरा नगर पंचायत में मतदाता की संख्या बढ़कर 74659 मतदाता हो गई है। 2011 जनगणना के अनुसार पहले ग्रामीण (अब नगरीय) क्षेत्र में मतदाता 62448 थे। शेष संख्या मतदाता पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में बढ़ी है। मतदाता पुनरीक्षण के बाद नगर पंचायत चुर्क/गुरमा में 6748 मतदाता हो गए है। इसी तरह ओबरा नगर पंचायत में 47334, डाला बाजार में 7186, चोपन में 15492 मतदाता हो गए हैं। दुद्धी में 11270, रेणुकूट में 17677 और पिपरी नगर पंचायत में मतदाता पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की संख्या बढ़कर 12118 हो गई है। आंकड़ों पर गौर करें तो सभी निकायों में नए मतदाताओं की संख्या पहले से बढ़ी है। वहीं सापेक्ष कम भी हुए हैं। ओबरा नगर पंचायत में सर्वाधिक 21501 नामों का संशोधन (परिवर्धन) और 20711 मतदाताओं के नाम हटाए (विलोपन) किए गए हैं।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा ब्लाक चोपन में हुवा शिविर का अयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्र विजय सिंह के निर्देश ने जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश पर ब्लाक नोडल शेषमणि दुबे (ओ आर डब्लू) को नामित किया गया जिनके द्वारा विकास खण्ड चोपन में सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय सिंह की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा शिविर का योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके।ब्लाक नोडल द्वारा बताया गया की प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने तथा उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कन्या सुमंगला योजना का आरंभ किया है इस योजना के अंतर्गत बेटियों के जन्म पर पात्र लाभार्थियों को उनके जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक कुल 6 किस्तों में



आयोजन किया गया जिसमे मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड 19,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य एवं पति के मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन 15000 की राशि प्रदान की जाती है।साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।शिविर में कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई राकेश केशरी द्वारा लोगों का फार्म ऑनलाइन आवेदन किया गया।

# अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष का किया पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार को अक्षय नवमी का पर्व मनाया गया। महिलाओं ने आरोग्यता के प्रतीक आंवला के वृक्ष का विधिवत पूजन-अर्चन किया। साथ ही पेड़ के नीचे भोजन बनाकर परिवार व ईष्ट मित्रों संग प्रसाद रहीं। धूप, अगरबत्ती व बताशा आदि का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की। अधिकांश स्थानों पर महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे भोजन तैयार कर परिवार संग ग्रहण किया। लोहंदी स्थित झिवलहा महाबीर के पास मेले जैसा नजारा रहा। जगह-जगह लोग आंवला के




स्वरूप ग्रहण किया। नगर के बरियाघाट, बाबाघाट, लंका पहड़ी लोहंदी व झिवलहा महाबीर क्षेत्र में स्थित आंवला के पेड़ के नीचे सुबह से ही महिलाएं पूजा-अर्चना में जुटी पेड़ के नीचे भोजन बनाते नजर आए। विंध्याचल के अष्टभुजा पहाड़ पर भी अक्षय नवमी पर आंवला पेड़ का पूजन अर्चन कर लोगों ने उसके नीचे भोजन बनाया।

# 13 साल बाद शुरू हुआ चौथी इकाई का अनुरक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा।** सूबे में बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति करने वाली अनपरा तापीय परियोजना की 500 मेवा की चौथी इकाई पर सोमवार से अनुरक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। तेरह साल बाद हो रहे इस कार्य के बाद इकाइयों में आने वाली खराबी दूर हो जाएगी रहेगी। इकाई की उत्पादन क्षमता भी पूर्व से बेहतर हो सकेगी अनुरक्षण कार्य में करीब 62 दिन लगने की संभावना है। इसकी शुरुआत सोमवार से हुई। लगभग डेढ़ दशक पूर्व इकाई में छोटे-छोटे कार्य कराए गए थे। उसके बाद से इकाई का पूर्ण अनुरक्षण नहीं हो सका था। लंबा समय बीतने के कारण इकाई की क्षमता पर प्रभाव पड़ता देख इकाई का अनुरक्षण बेहद जरूरी बताया जा रहा है। परियोजना के सीजीएम आरसी श्रीवास्तव ने बताया कि इकाई का ठीक से संचालित करने के लिए इसका अनुरक्षण जरूरी था। इसके बाद इकाई से पूर्ण क्षमता से उत्पादन किया जा सकेगा।

# जंगल में घायलावस्था में मिला, ऐसे बताई अपनी पहचान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** गुरुवार की सुबह राजगढ़ पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में मिला। पुलिस घायल अवस्था में मिले युवक को उपचार के लिए



पीएचसी ले गई। जहां से उसे मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि युवक के सिर में गोली लगी थी। उसके सिर में लगी गोली बाहर नहीं निकली थी। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी जंगल में गुरुवार की सुबह में एक युवक को गोली मारी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलावस्था में पड़े युवक को पीएचसी ले गई। वहां से मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मण्डलीय अस्पताल से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। युवक बलिया जिले का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गुरुवार की सुबह राजगढ़ पुलिस गश्त कर रही थी कि तभी जंगल की तरफ सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में मिला। पुलिस घायल अवस्था में मिले युवक को उपचार के लिए पीएचसी ले गई। जहां से उसे मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक ने कागज में अपना नाम पता लिखकर बताया। युवक सूरज कुमार (34) पुत्र विजय शंकर निवासी सिकहरा थाना नगरा बलिया जिला बताया। मंडलीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि युवक के सिर में गोली लगी थी। उसके सिर में लगी गोली बाहर नहीं निकली थी। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष राजगढ़ ने बताया कि युवक जंगल के पास सड़क किनारे सुनसान इलाके में घायल अवस्था में पड़ा था।

# डीएम ने राजनीतिक दलों से मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मांगा सहयोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निकाय चुनाव पर चर्चा के लिए राजनीतिक दलों के



प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के अनंतिम प्रकाशन की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सूची के अंतिम प्रकाशन में सहयोग भी मांगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीते 31 अक्टूबर को मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया गया है। अब एक से सात नवंबर लोगों से दावे तथा आपत्तियां मांगी जा रही हैं। दावा व आपत्ति प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलओ की तैनाती की गई है। सभी बीएलओ को अनंतिम सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने दावों तथा आपत्तियों के निस्तारण के बाद 18 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में मौजूद अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अनंतिम मतदाता सूची के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका मिर्जापुर के 38 वार्डों में 71 मतदान केंद्रों में 243 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। अनंतिम सूची में 228069 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद चुनार के 25 वार्डों में 16 मतदान केंद्रों में 48 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनार नगर पालिका के अनंतिम सूची में 34156 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। नगर पालिका परिषद अहरौरा के 25 वार्डों में नौ मतदान केंद्रों में 25 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। अहरौरा के अनंतिम सूची में 20049 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। नगर पंचायत कछवां के 12 वार्डों में तीन मतदान केंद्रों में 16 मतदेय स्थल बनो गए हैं। कछवां की अनंतिम सूची में 14595 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इस तरह से चारों नगर पालिकाओं और नगर पंचायत को मिलाकर कुल 100 वार्डों में 99 मतदान केंद्रों में 332 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इन निकायों की प्रकाशित अनंतिम सूची में कुल 296869 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर चंद्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, तहसीलदार मड़िहान के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एक मैच, पांच रिकॉर्ड, बांग्लादेश के खिलाफ एक बार फिर से टीम इंडिया के लिए यादगार बन गया एडिलेड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ जीत, टीम इंडिया की किसी एक विरोधी टीम के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक जीत है। टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ



यह लगातार 8वीं जीत थी। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के पहले एडिशन का भी हिस्सा थे और अब 15 साल बाद भी वह टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं। टी20 वर्ल्ड कप में बतौर खिलाड़ी सर्वाधित जीत दर्ज करने के मामले में वह नंबर वन बन गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 64 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली ने इस मैच में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दया। अब टी20 वर्ल्ड कप में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट के नाम अब 23 पारियों में 1,065 रन है। जयवर्धने 1,016 रन के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इस मैच में विराट कोहली ने एक और कारनामा किया और वह ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने के मामले सचिन तेंदुलकर से आगे निकल गए। विराट ने ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए 57 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 68 पारियों में 56.44 की औसत से 3,350 रन बनाए। तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया में 67 मैचों में 42 से अधिक की औसत से 7 शतक और 17 अर्धशतक के साथ 3,300 रन बनाए थे। सूर्यकुमार यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंद पर 30 रन की पारी खेली। इस पारी के साथ ही उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। सूर्या टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में भारत के लिए नंबर चार या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम पिछले चार मैचों में 164 रन हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड धौनी के नाम था। धौनी ने ये रिकार्ड साल 2007 में बनाया था और उस सीजन में उन्होंने 154 रन बनाए थे।

## सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 30 रन की पारी खेलकर तोड़ा महेंद्र सिंह धौनी का यह रिकार्ड


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ उस मैच में जीत दर्ज की जहां ऐसा करना थोड़ा मुश्किल लग रहा था। दूसरी पारी में बांग्लादेश की बल्लेबाजी के दौरान जैसे ही 7 ओवर खत्म हुए बारिश आ गई और ये बारिश शाकिब अल हसन की टीम के लिए मुसीबत बन कर बरसी। वहीं भारत के लिए ये बारिश खुशियों का फुहार लेकर आई और टीम इंडिया को इस मैच में 5 रन से जीत मिली। इस मैच में भारतीय टीम की तरफ से विराट कोहली ने नाबाद 64 रन की पारी खेली तो वहीं केएल राहुल ने 50 रन बनाए। वहीं सूर्यकुमार यादव ने भी अपनी टीम के लिए 16 गेंदों पर 30 रन की तेज पारी खेली। बांग्लादेश के खिलाफ 30 रन की पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में भारत के लिए नंबर चार या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव ने इस सीजन में पिछले चार मैचों में 164 रन बनाए हैं और उन्होंने धौनी को पीछे छोड़ दिया। भारत की तरफ से किसी टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में चौथे नंबर पर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकार्ड एम एस धौनी के नाम पर दर्ज था। धौनी ने ये रिकार्ड साल 2007 में बनाया था और उस सीजन में उन्होंने 154 रन बनाए थे।

# टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तीसरी जीत, बांग्लादेश को 5 रन से दी शिकस्त


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड ओवल में अपना चौथा लीग मैच खेला। बारिश से बाधित इस मैच में टीम इंडिया को 5 रन से जीत मिली और इस जीत के साथ 2 अंक अर्जित करके टीम इंडिया ने सेमीफाइनल की तरफ एक कदम और बढ़ा दिया। भारत के अब कुल 6 अंक हो गए हैं और ये टीम अंक तालिका में अब ग्रुप बी में पहले नंबर पर आ गई है। टीम इंडिया के लिए अब सेमीफाइनल में पहुंचने की राह आसान हो गई है। भारत और आखिरी मैच अब जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है ऐसे में भारत के लिए दो अंक अर्जित करना अब मुश्किल नहीं होना चाहिए और ऐसा होता है तो टीम के 8 अंक हो जाएंगे और भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। इस मैच में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल व विराट कोहली की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश की टीम ने 7 ओवर में 66 रन बनाए और बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से मैच को 16 ओवर का कर दिया गया और



बांग्लादेश को जीत के लिए 151 रन का नया टारगेट दिया गया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट पर 145 रन बनाए और भारत को 5 रन से जीत मिली। भारत ने डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर ये जीत हासिल की। भारत की तरफ से पारी की शुरुआत करने केएल राहुल और रोहित शर्मा उतरे लेकिन रोहित केवल 2 रन बनाकर हसन महमूद की गेंद पर आउट हो गए। दूसरे विकेट के लिए राहुल और कोहली ने अर्धशतकीय साझेदारी की लेकिन 50 रन पूरा करते ही केएल राहुल भी शाकिब की गेंद पर मुस्तफिजुर को कैच थमा बैठे। सूर्युकमार यादव ने 30 रन की पारी खेली और शाकिब अल हसन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हार्दिक पांड्या 6 रन बनाकर आउट हो गए। विराट कोहली ने 37 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। दिनेश कार्तिक ने 7 रन बनाए और वो रन आउट हो गए। इसके बाद अक्षर पटेल 7 रन बनाकर कैच आउट हो गए। कोहली ने इस मैच में 44 गेंदों पर नाबाद 64 रन की पारी खेली तो वहीं अश्विन भी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के ओपनर बल्लेबाज लिटन दास ने 21 गेंदों पर छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया और इस दौरान 3 छक्के व 6 चौके लगाए। इस मैच में पहला विकेट बांग्लादेश की तरफ से लिटन दास का गिरा जो 27 गेंदों पर 60 रन बनाकर आउट हो गए। बांग्लादेश का दूसरा विकेट शांतो के रूप में गिरा जो 21 रन बनाकर शमी की गेंद पर सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच आउट हुए। अफीफ हुसैन 3 रन बनाकर अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार के हाथों लपके गए। कप्तान शाकिब अल हसन को अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंद पर दीपक हुड्डा के हाथों कैच आउट करवा दिया। यासिर अली को हार्दिक पांड्या ने एक रन पर अर्शदीप के हाथों कैच आउट करवा दिया। मोसादेक को हार्दिक पांड्या ने 6 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। भारत की तरफ से हार्दिक व अर्शदीप सिंह को 2-2 जबकि मो. शमी को एक सफलता मिली। भारतीय टीम में किया गया एक बदलाव टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ एक बदलाव किया गया और दीपक हुड्डा की जगह अक्षर पटेल को मौका दिया गया। वहीं दिनेश कार्तिक टीम का हिस्सा बने जो पिछले मैच के दौरान इंजर्ड हो गए थे। बांग्लादेश की टीम ने भी एक बदलाव किया और सौम्या सरकार की जगह शरिफुल इस्लाम को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया।



# राशिफल



**मेष-**:आपका रूखा व्यवहार आपके जीवनसाथी का मूड खराब कर सकता है. आपको समझना चाहिए कि अनादर और किसी को गंभीरता से न लेना रिश्ते में दरार डाल सकता है।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। पैसों से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं। आप अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने में सफल रहेंगे। किसी मित्र से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन-**:आज आप जितनी मेहनत करेंगे उतना ही आपको फायदा होगा. आज कोई नया गठबंधन, अनुबंध और समझौता हो सकता है। आप काम को बहुत गंभीरता और गंभीरता से पूरा करेंगे।

**कर्क-**:चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। वहीं, सही तरीके से कमर सीधी करके बैठने से न सिर्फ पर्सनालिटी में निखार आता है, बल्कि सेहत और आत्मविश्वास का स्तर भी बढ़ता है।

**सिंह-**:आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों की ओर रहेगा, ऑफिस के महत्वपूर्ण कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे. आज आपकी बातों का असर दूसरे लोगों पर भी पड़ेगा।

**कन्या-**:परिवार से आपको भरपूर सहयोग और स्नेह मिलेगा, काम में आ रही बाधाएं दूर होंगी. कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में लाभ के योग हैं।

**तुला-**: मानसिक स्पष्टता के लिए भ्रम और निराशा से बचने की कोशिश करें. आपकी अवास्तविक योजनाएं आपके पैसे को खत्म कर सकती हैं।

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परेशान लोगों को मनाने का आज एक अच्छा मौका है। दोस्तों आज कहीं पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु-**:पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का समय बहुत अच्छा है अगर आप मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी. आप में से कुछ लोग आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ अच्छा दिन बिताएंगे।

**मकर-**:ऐसे लोगों की तरह व्यवहार न करें जो अपने सपनों के लिए अपने घर और स्वास्थ्य का त्याग करते हैं और केवल अपनी महत्वाकांक्षाओं के पीछे भागते हैं।

**कुंभ-**: आज आपकी दिनचर्या में जरूरी बदलाव हो सकते हैं. कोई करीबी आपसे मिलने घर आ सकता है, मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मीन-**:आज के दिन रिश्तों में मधुरता बढ़ाने के लिए आप अचानक घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं. जो आपके लिए काफी रोमांटिक रहेगा। आज आप आर्थिक योजना बना पाएंगे।






# टीम इंडिया की जीत का छुपा रुस्तम रघु जिसने हाथ में ब्रश लेकर बांग्लादेश की उम्मीदों को धो डाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-12 के अपने चौथे मैच में जब बारिश शुरू हुई तो टीम इंडिया के अलावा पूरे देश की सांसें इस बात पर अटकी थी कि यदि मैच नहीं हुआ तो क्या होगा? लेकिन फैंस की दुआएं काम आई और 16 ओवर का ही सही पर मैच हुआ। बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रन का लक्ष्य मिला। टीम पहले ही बिना नुकसान के 7 ओवर



में 66 रन बनाकर ड्राइविंग सीट पर बैठी थी। लेकिन बारिश के बाद जैसे ही मैच शुरू हुआ अश्विन की दूसरी हीं गेंद पर केएल राहुल ने लिटन दास को अपने सटीक थ्रो पर पवेलियन भेज दिया। यही से बाजी पलटी और एक के बाद एक बांग्लादेश ने लगातार विकेट गंवाए और आखिरकार आखिरी ओवर तक चले इस मैच में टीम को 1 रन से जीत मिल गई।बारिश के बाद जब मैच शुरू हुआ तो जहां टीम इंडिया बांग्लादेश से मैदान के भीतर लड़ रही थी वहीं एक शख्स हाथों में ब्रश लेकर बाउंड्री के चारो ओर चक्कर लगा रहा था लेकिन लक्ष्य सिर्फ एक कि टीम इंडिया को जिताना है। दरअसल टीम इंडिया के साइड आर्म थ्रोअर जो नेट्स पर टीम इंडिया की मदद करते हैं वह ब्रश लेकर उन खिलाड़ियों की मदद के लिए घूम रहे थे जिनके जूते में गिला फील्ड होने के कारण मिट्टी फंस रही थी। रघु ऐसा इसलिए कर रहे थे कि खिलाड़ियों के जूतों के स्पाइक ठीक से काम करे और वो बिना किसी डर के फील्डिंग और गेंदबाजी में अपना सारा ध्यान लगा सकें।टीम इंडिया की जीत में बल्ले से कोहली, राहुल, सूर्यकुमार यादव और गेंद से अर्शदीप ने योगदान दिया हो लेकिन मैदान के बाहर से रघु का भी योगदान कम नहीं था इसलिए सोशल मीडिया पर उनकी खूब तारीफ हो रही है और सब उन्हें टीम इंडिया की जीत का छुपा रुस्तम भी कह रहे हैं।

# करो या मरो मैच से पहले पाकिस्तान टीम लगा झटका, चोट के चलते यह खिलाड़ी हुआ बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 के ग्रुप-2 में पाकिस्तान का मुकाबला साउथ अफ्रीका से होगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 3



अक्टूबर को यह मैच खेला जाएगा। मैच से पहले पाकिस्तान टीम को बड़ा झटका लगा है। मिडिल ऑर्डर के चोटिल बल्लेबाज फखर जमान की जगह मोहम्मद हैरिस को टीम में शामिल किया गया है। फखर के दाहिने घुटने की चोट के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। आज पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका के साथ करो या मरो वाला मुकाबला खेलेगा। अगर आज पाकिस्तान की हार होती है तो वह सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो जाए। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। नीदरलैंड के खिलाफ खेलते हुए फखर की चोट फिर से उभर आई थी। पाकिस्तान टीम के डॉक्टर ने की पुष्टि इएसपीएनक्रिकइंफो से बात करते हुए पाकिस्तान टीम के डॉक्टर नजीबुल्लाह सूमरो ने कहा, ङ्घ घुटने की चोट में 100 प्रतिशत रिकवरी में समय लगता है। फखर और टीम ने टूर्नामेंट में आने के जोखिमों को समझा और हमने हैरिस को टीम में शामिल कर लिया।ङ्घपाकिस्तान को घ्ण्ण् पुरुष ऊ20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नॉकआउट मुकाबले में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा। इससे अलावा बांग्लादेश को भी हराना होगा और ग्रुप के अन्य टीमों के मैच परिणामों पर निर्भर होना होगा।

# महत्वपूर्ण मैच से पहले चोट से जूझ रही है आस्ट्रेलियाई टीम, आरोन फिंच हो सकते हैं मैच से बाहर

**एडिलेड।** गत चैंपियन आस्ट्रेलिया शुक्रवार को अफगानिस्तान के विरुद्ध होने वाले टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से पहले कप्तान आरोन फिंच सहित तीन प्रमुख खिलाड़ियों की चोट की चिंताओं से जूझ रहा है। फिंच के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस को सोमवार को ब्रिसबेन में आयरलैंड पर आस्ट्रेलिया की 42 रन की जीत के दौरान पैर की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा था। फिंच ने आस्ट्रेलिया की पारी के दौरान 19 गेंद छोड़कर बाकी पूरे समय बल्लेबाजी की और इस दौरान 63 रन बनाए। आयरलैंड की पारी के दौरान फिंच मैदान पर उतरे, लेकिन इस बीच वह असहज दिखे। आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के दौरान आलराउंडर डेविड और स्टोइनिस मैदान में नहीं उतरे। फिंच का बुधवार को यहां टीम के फिटनेस स्टाफ और मुख्य चयनकर्ता जार्ज बेली की मौजूदगी में फिटनेस परीक्षण हुआ। आस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चिंता फिंच की चोट है, क्योंकि यह 35 वर्षीय खिलाड़ी पहले ही पैर की मांसपेशियों में चोट की समस्या से परेशान रहा है।अगर फिंच मुकाबले से बाहर हो जाते हैं तो विकेटकीपर मैथ्यू वेड अफगानिस्तान के विरुद्ध आस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। फिंच के आयरलैंड के विरुद्ध मैदान से बाहर जाने के बाद भी वेड ने कप्तानी की जिम्मेदारी निभाई थी। ऐसी स्थिति में युवा आलराउंडर कैमरून ग्रीन सलामी बल्लेबाज के रूप में फिंच की जगह ले सकते हैं। चोटिल जोश इंग्लिश की जगह टीम में शामिल किए गए ग्रीन ने करेन रोल्टन ओवल में बीच के विकेट पर अभ्यास किया। आपको बता दें कि आस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अब तक 4 मैच खेल चुकी है जिसमें इस टीम को दो मैचों में जीत मिली है जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक मैच बारिश की वजह से नहीं खेला गया था और उसके अभी 5 अंक हैं। इस 5 अंक के दम पर कंगारू टीम ग्रुप ए की अंकतालिका में इस समय तीसरे स्थान पर मौजूद है।



# हार के बाद रो पड़े तस्कीन अहमद, बांग्लादेशी फैंस भी नहीं रख पाए अपनी भावनाओं पर काबू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-12 राउंड में भारत ने बांग्लादेश को पांच रन से हरा दिया। इस रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल



हसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया । भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल व विराट कोहली की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन बनाए। केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेली और विराट कोहली ने शानदार 44 गेंदों पर 64 रन की नाबाद पारी खेली। 185 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम ने 7 ओवर में 66 रन बनाए और बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से मैच को 16 ओवर का कर दिया गया और बांग्लादेश को जीत के लिए 151 रन का नया लक्ष्य दिया गया। इसके जवाब में बांग्लादेश टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट पर 145 रन बना सकी।इस मैच में बांग्लादेश ने अच्छा प्रदर्शन किया। मैच खत्म होने के बाद बांग्लादेश के प्लेयर्स और बांग्लादेशी फैंस काफी निराश दिखे। हार के बाद बांग्लादेश के गेंदबाज तस्कीन अहमद की आखें नम थीं। वहीं, बांग्लादेशी फैंस भी रोते नजर आए। मैच खत्म होने के बाद बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा, 'भारत के साथ खेलना हमेशा मुश्किल होता है।

# बाबर, विलियमसन, स्मिथ व रूट से बेहतर बल्लेबाज क्यों हैं कोहली, गंभीर ने उन्हें रियल हीरो कहते हुए बताया कारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में कोहली का विराट प्रदर्शन लगातार जारी है और बांग्लादेश के खिलाफ



हुए मैच की पहली पारी में उन्होंने टीम के लिए एंकर की भूमिका अदा की। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली पारी की आखिरी गेंद पर क्रीज पर टिके रहे और नाबाद पवेलियन लौटे। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों पर एक छक्का व 8 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन की पारी खेली और टीम के स्कोर को 184 रन तक पहुंचाने में बड़ा रोल अदा किया। इस मैच में केएल राहुल की भी वापसी हुई जो मैच से एक दिन पहले कोहली से विराट ज्ञान पाकर मैदान पर उतरे थे। केएल ने भी 32 गेंदों पर 4 छक्के व 3 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। बारिश से बाधित इस मैच में डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर खेल हुआ और फिर भारत को 5 रन से जीत मिली। टीम की इस जीत के बाद कोहली को प्लेयर आफ द मैच भी चुना गया और पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर उनकी इस पारी के मुरीद नजर आए। गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि विराट कोहली को पता है कि खिलाड़ियों के साथ किस तरह से पार्टनरशिप बिल्ड करते हैं और अंत में उन्होंने गेम को काफी अच्छे से फिनिश किया साथ ही सूर्यकुमार यादव के आउट होने के बाद भारतीय टीम की जीत के रियल हीरो बने।

# सम्पादकीय

## राजनीतिक अस्मिता का संकट, आइडिया आफ इंडिया की जगह आइडिया आफ भारत पर हो विमर्श

भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने से देश में अनेक लोग गौरवान्वित हैं, पर यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी प्रधानमंत्री के लिए उसके देश का हित ही सर्वोपरि होता है। यही सिद्धांत राष्ट्रवाद की आधारशिला है, जो वैश्वीकरण के युग में भी नहीं बदला। भारत में राष्ट्रवाद विवादित अवधारणा रही है। प्रायः उसे भाजपा से जोड़ा जाता है। चूंकि भाजपा का विरोध करने का अधिकार अन्य दलों या भिन्न विचारधारा वाले लोगों को है, इसलिए वे भाजपा और राष्ट्रवाद दोनों का विरोध करने लगते हैं। उन्हें चीन, जापान, अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इटली और ब्रिटेन आदि का राष्ट्रवाद परेशान नहीं करता। जब वैश्विक मंचों पर सभी राष्ट्र अपने-अपने हितों को आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, तब भारत के अंदर से ही भारतीय दृष्टिकोण के प्रति विरोध के स्वर फूटते हैं, जिससे उन मंचों पर हमारा पक्ष कमजोर होता है। परिणामस्वरूप जनसंख्या और लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से विश्व में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने और ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं आर्थिक-शक्ति बनने के बावजूद सुरक्षा परिषद में भारत स्थायी सदस्य नहीं बन सका। हाल में विश्व में भारत को जो सम्मानित स्थान प्राप्त हुआ है, नेताओं और बुद्धिजीवियों को उसे भी स्वीकारने में हिचक होती है। उन्हें लगता है कि कहीं उससे प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को राजनीतिक लाभ न मिल जाए। इसके पीछे क्या कारण है भारतीय समाज अनंतकाल से ही समावेशी है, जो भी बाहर से आया, उसे यहां प्यार और स्वीकृति मिली। इसके पीछे 'अतिथि देवो भवः' और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना रही, जो संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में देखती है। ये मूल्य हमारी संस्कृति के साथ-साथ हमारी ज्ञान-परंपरा और बौद्धिकता में भी रचे-बसे थे। भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसमें सत्य के अन्वेषण हेतु भारत से ही असहमत होने की स्वीकृति है। इसीलिए रंभा-शुक संवाद में कहा गया, 'वादे-वादे जायते तत्वबोधः' अर्थात 'संवाद से ही सत्य का बोध होता है। इसीलिए आज भी भारतीय बौद्धिक-विमर्श में उसी सत्य की खोज के लिए वैश्विकता, व्यापकता और सार्वभौमिकता को आगे रखा जाता है। राष्ट्रवाद जैसी अवधारणाएं हमें भारतीय संस्कृति और ज्ञान-परंपरा के प्रतिकूल लगती हैं। यही उदारता और सहिष्णुता भारतीय समाज की कमजोरी बन गई, जिससे विदेशी आक्रांताओं को भारत पर आक्रमण करने और उसे अपने राजनीतिक प्रभुत्व में लेने के प्रोजेक्ट सफल होते रहे-चाहे वह सिकंदर हो, मुगल आक्रमणकारी हों या अंग्रेज। इससे भारतीय समाज के समक्ष विचित्र संकट खड़ा हो गया। क्या हम अपनी बौद्धिक संस्कृति, ज्ञान-परंपरा और उसके मूल्यों को बचाएं या अपनी राजनीतिक अस्मिता को? और क्या राजनीतिक अस्मिता को बचाए बिना हम अपनी बौद्धिक-संस्कृति और ज्ञान-परंपरा को बचा सकते हैं आज भी इस प्रश्न का कोई सर्वमान्य उत्तर नहीं है। इसीलिए भारतीय बौद्धिकता से ओतप्रोत विद्वान भी राष्ट्रवाद को एक अनिवार्यता नहीं, वरन पूंजीवादी-यूरोप और समाजवादी-यूरोप के औपनिवेशिक-प्रोजेक्ट का भारतीय संस्करण मानते हैं। वे मानते हैं कि राष्ट्रवादी-प्रोजेक्ट भारतीय समाज को बौद्धिकता के आंतरिक-उपनिवेशवाद में धकेल देगा। यह हमारी बौद्धिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत के प्रतिकूल होगा। इसमें सर्वे भवंतु सुखिनः के बजाय भारतीय भवंतु सुखिनः की केंद्रीयता होगी। इसका लाभ उठा बाह्य-शक्तियों को देश की ऐसी बौद्धिक शक्तियों से मिलकर राष्ट्रवाद को दक्षिणपंथी राजनीतिक एजेंडा के रूप में प्रचारित करने और उसके विरोध का अवसर मिल जाता है। इसीलिए भारतीय लोकतंत्र में वामपंथी-मध्यमार्गी दल राष्ट्रवाद विरोध को हथियार के रूप में प्रयोग करते हैं, पर भूल जाते हैं कि दक्षिणपंथ, भाजपा, राष्ट्रवाद का विरोध करते हुए वे अपने ही देश का विरोध करने के विदेशी मकड़जाल में फंस जाते हैं। विविधता, भिन्नता, असहमति और विरोध भारतीय संस्कृति के अभिन्न तत्व हैं। लोकतंत्र इसे और सशक्त करता है, लेकिन उसी लोकतंत्र को संचालित करने के लिए जो संविधान हमने बनाया, उसकी प्रस्तावना में ही 'राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने' के लिए हमने संकल्प लिया।

## पाकिस्तानः इमरान खान की रैली पर मरयम नवाज ने जमकर साधा निशाना

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की उपाध्यक्ष मरयम नवाज ने मंगलवार को इमरान खान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इमरान की रैली की खूब आलोचना की और कहा कि इमरान खान की लंबे मार्च का मकसद सरकार द्वारा अगले आर्मी चीफ की नियुक्ति को रोकना है। इमरान पर मरयम देश की अर्थव्यवस्था हो, विदेश नीति, वैश्विक संबंधों या फिर प्रशासन। उन्होंने कहा की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने में कसर नहीं छोड़ी। इमरान खान की रैली की आलोचना करते हुए मरयम ने कहा कि पंजाब पुलिस के जवानों को इमरान खान की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया।



का आरोप मरयम ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख इमरान खान अधिक समय के लिए पाकिस्तान की राजनीति में नहीं होंगे। जियो न्यूज के अनुसार, मरयम ने कहा कि विभाजन व नफरत फैलाने में इमरान का प्रयास असफल रहा।मरयम ने कहा, 'अब तक वे पाकिस्तान की सड़कों पर रैली निकाल रहे हैं।' उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में इमरान ने बेहतर काम नहीं किया, चाहे वो पिछले माह भी मरयम नवाज ने इमरान को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने ट्रंप के घर पर छापा मारा था और इसी तरह यहां भी किया जाना चाहिए और दस्तावेज की बरामदगी के लिए बनिगला की तलाशी ली जानी चाहिए। मरियम ने देश की व्यवस्था पर हैरानी जताई और कहा कि इमरान को जेल में होना चाहिए था, वह खुला घूम रहा है।

## स्टार फुटबालर नेमार पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई हो गई पूरी

ब्राजील के स्टार फुटबालर नेमार पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई।



डीआइएस कंपनी, जिसने 2013 में सैंटोस से बार्सिलोना में उनके स्थानांतरण से संबंधित अनियमितताओं का मामला उठाया था ने खिलाड़ी की कथित संलिप्तता के लिए जेल की सजा को कम करने की मांग की थी। ट्रायल का निष्कर्ष स्पेन के राज्य अभियोजक द्वारा नेमार, उनके पिता और ब्राजील और स्पेनिश क्लबों के पूर्व अधिकारियों के खिलाफ आरोप हटाने के तीन दिन बाद आया। ब्राजील की कंपनी डीआइएस ने अपने आरोपों को जारी रखा, लेकिन नेमार के लिए ढाई साल की संशोधित जेल की सजा और नेमार के पिता के लिए चार साल की सजा की मांग की, जो खिलाड़ी के एजेंट भी हैं।डीआइएस ने शुरू में 30 वर्षीय नेमार, उनके पिता और बार्सिलोना के पूर्व अधिकारियों सैंड्रो रोसेल और जोसेप बार्टोमू के लिए पांच साल की जेल की सजा मांगी थी। डीआइएस ने 34 मिलियन यूरो (लगभग 2.77 अरब रुपये) का मुआवजा और 195 मिलियन यूरो (लगभग 16 अरब) का जुर्माने की मांग की जिसका भुगतान आरोपी द्वारा स्पेनिश राज्य को किया जाएगा।

## श्रीलंका में फिर से शुरू हुआ प्रदर्शन, कर बढ़ोत्तरी के विरोध में हजारों लोगों ने किया मार्च

श्रीलंका के लोगों को नया राष्ट्रपति मिलने के बाद भी उनकी परेशानियां कम नहीं हो रही है। सबसे बड़े शहर कोलंबो में सैकड़ों लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वहीं, बुधवार



को सैकड़ों लोगों ने बढ़ाए गए कर, मुद्रास्फीति और लोगों के खिलाफ शासन-प्रशासन के दमन के विरोध में मार्च किया। बता दें कि श्रीलंका के लोग पिछले 70 सालों में सबसे खराब वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। वहीं, कोलंबो में इस मार्च का आयोजन सरकार विरोधी विपक्षी राजनीतिक दलों, ट्रेड यूनियनों और नागरिक समाज समूहों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस मार्च के दौरान पुलिस ने इसे रोक दिया था क्योंकि मार्च करने वाले लोगों ने शहर के एक मध्य भाग तक पहुंचने की कोशिश की थी, जहां राष्ट्रपति का घर और अन्य मंत्रालय स्थित हैं। सीलोन टीचर के केंद्रीय सचिव जोसेफ स्टालिन ने कहा, लोग मुश्किल से एक दिन में तीन बार भोजन कर रहे हैं। इस सरकार ने अधिक से अधिक कर लगाने के अलावा लोगों का समर्थन करने के लिए कुछ भी नहीं किया है। हमें समाधान चाहिए और हम उसके लिए लड़ते रहेंगे। बता दें कि श्रीलंका इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में रिकार्ड कमी के चलते गहरे वित्तीय संकट की चपेट में है। जिसके कारण ही यहां पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस समेत खाने-पीने की चीजें और दवा भी कई गुना महंगी हो गई हैं। श्रीलंका को इंपोर्ट किए जाने वाले सामान के बदले भुगतान करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है और लगभग 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने द्वीप को छोड़ दिया है। दवहीं, इस साल जुलाई में ही लोगों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन के चलते पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे देश छोड़कर भाग गए थे। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय और आवास पर धावा बोल दिया गया था।उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 14 नवंबर को अपना पहला बजट पेश करेंगे। इस बजट में देश की जर्जर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब डालर का कर्ज हासिल करने के लिए इस बजट में लोगों पर भारी टैक्स वृद्धि की जा सकती है। हालांकि, बढ़े हुए कर, जिसमें कार्पोरेट और व्यक्तिगत आय कर शामिल होंगे, को 30ज्ञ् के उच्च स्तर तक बढ़ा दिया गया है, जो अक्टूबर में 66ज्ञ् तक बढ़ती मुद्रास्फीति के शीर्ष पर आ गया है। प्रदर्शनकारियों ने मार्च के दौरान ठरानिल घर जाओठ के नारे लगाए और नए चुनाव का आह्वान किया। उन्होंने सरकार पर विरोध करने वाले नेताओं पर नकेल कसने और उनमें से दो को जेल भेजने के लिए कठोर आतंकवाद विरोधी कानून का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। मुख्य विपक्षी दल समागी जाना बालवेगया (एसजेबी) के वरिष्ठ सदस्य एरण विक्रमरत्ने ने कहा, हर किसी को कानून के दायरे में होना चाहिए, यही लोकतंत्र है।

## गुजरात और हिमाचल में भाजपा की ताकत साबित हो सकता है लाभार्थी वोट बैंकनीलू रंजन

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्ष (मुख्यतौर पर कांग्रेस) भले ही पुराने राजनीतिक समीकरणों के सहारे भाजपा को चुनौती देने की कोशिश कर रही हो, लेकिन लाभार्थियों का



नया वोट बैंक मुकाबले में भाजपा को बढ़त दिला सकता है। केंद्र सरकार की सरकारी योजनाओं और खासकर कोरोना काल में शुरू किये गए मुफ्त राशन के लाभार्थी भाजपा की नई ताकत बनकर उभरे हैं और उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव में उसकी जीत में निर्णायक भूमिका निभा चुके हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवार के हर सदस्य को पांच किलो अनाज प्रति महीने दिया जाता है। पूरे देश में 80 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। गुजरात में छह करोड़ की जनसंख्या में मुफ्त अनाज पाने वालों की संख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ है। इसी तरह से हिमाचल प्रदेश में 69 लाख जनसंख्या में से लगभग 29 लाख को इसका लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार की यह योजना 30 सितंबर को खत्म हो रही थी, लेकिन इसे तीन महीने यानी 31 दिसंबर के लिए बढ़ा दिया गया। माना जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनावों को देखते हुए योजना को तीन महीने के लिए बढ़ाया गया है। दोनों राज्यों में लगभग आधी जनसंख्या को मिल रहा यह लाभ रंग दिखा सकता है। वैसे भाजपा के मीडिया विभाग के प्रमुख अनिल बलूनी लाभार्थियों को वोट बैंक के रूप में देखने से परहेज करते हैं। उनके अनुसार मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के उद्देश्य से अपना काम कर रही है। अंत्योदय सरकार का ध्येय है। लेकिन हकीकत यही है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पिछले विधानसभा चुनाव में यह भाजपा के लिए नया वोट बैंक के रूप में सामने आया है। मुफ्त राशन के लाभार्थियों में बड़ी संख्या दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के लोगों की है, जो अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहे थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में दलित वोट बैंक के पहली बार टूटने और एक बड़े तबके के भाजपा के साथ जाने में इसकी अहम भूमिका मानी जाती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में लाभार्थी भाजपा से जुड़ते हैं, तो हिमाचल प्रदेश और गुजरात में उनके नहीं जुड़ने का कोई कारण नहीं है। ध्यान देने की बात है कि गुजरात में आदिवासी वोट बैंक भाजपा के लिए अब तक चुनौती बनी हुई है। मुफ्त अनाज की योजना आदिवासी वोट बैंक और भाजपा के बीच की खाई पाटने में भी मददगार हो सकती है। बात सिर्फ मुफ्त अनाज की योजना तक सीमित नहीं है। 2019 से गरीब किसानों को सालाना छह हजार रुपये सालाना सम्मान निधि के रूप में दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के पक्का घर, हर घर नल से जल योजना के तहत पाइप से पीने का पानी, स्वच्छता अभियान के तहत मुफ्त शौचालय, उज्जवला के तहत गैस सिलेंडर और मुफ्त बिजली कनेक्शन जैसी कई योजनाओं का लाभ गरीब तबके तक पहुंचने लगा है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार ने इन योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचना सुनिश्चित कराया। बायोमेट्रिक के कारण मुफ्त अनाज वितरण में धांधली पर लगाम लगी, तो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से अन्य योजनाओं का पैसे सीधे खाते में पहुंचाया गया।

## 6 राज्यों की 7 सीटों में हो रहे उपचुनावों का क्या है गणित, हर सीट पर दिलचस्प है मुकाबला

छह राज्यों बिहार, यूपी, हरियाणा, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र की 7 सीटों पर आज उपचुनाव हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में होने वाले अगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ये उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्टियों के लिए भी काफी मायने रखते हैं। हरियाणा की आदमपुर सीट, बिहार विधानसभा की दो सीटों-मोकामा और गोपालगंज, महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट, यूपी की गोला गोकर्णनाथ, तेलंगाना की मुनूगोड़े और ओडिशा की धामनगर सीट पर आज उपचुनाव होने जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो इस चुनाव में सांकेतिक मुकाबला भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच है। आइए आपको समझाते हैं 6 राज्यों की 7 सीटों में हो रहे उपचुनावों का गणित। उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ सीट पर भाजपा के सामने सीट बचाने की चुनौती है। दरअसल, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट को जीता था। भाजपा विधायक अरविंद गिरी का 6 सितंबर को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था, इसलिए यहां उपचुनाव हो रहे हैं। बता दें कि अरविंद गिरी लखीमपुर खीरी जिले की गोला सीट से पांच बार विधायक रह चुके थे। भाजपा ने इस बार अरविंद गिरी के बेटे अमन गिरि को टिकट दिया है। अमन का मुकाबला पूर्व विधायक और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार विनय तिवारी से है। बिहार की मोकामा विधानसभा सीट राज्य की लोकप्रिय सीटों में से एक है। यहां से 4 बार बाहुबली विधायक अनंत सिंह चुनाव जीत चुके हैं। सजा मिलने के कारण अनंत सिंह की विधायकी चली गई। इसी वजह से यहां उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर भूमिहार वोटरों का दबदबा है। अनंत सिंह भी भूमिहार हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह यहां 'छोटे सरकार' के नाम से मशहूर हैं। इस बार अनंत सिंह की पत्नी नीलम



देवी मैदान में हैं। नीलम देवी का मुकाबला राष्ट्रीय जनता भाजपा की सोनम देवी हो रहा है। बिहार की गोपालगंज सीट पूर्व भाजपा मंत्री और विधायक सुभाष सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई है। सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी इस सीट पर उपचुनाव लड़ रही हैं। कुसुम के सामने आरजेडी के मोहन गुप्?ता, बहुजन समाज पार्टी की इंदिरा यादव (लालू प्रसाद के साले अनिरुद्ध यादव की पत्नी) और एआईएमआईएम के असलम मुखिया मैदान में उतरे हैं। ऐसे में कुसुम के लिए चुनौती कड़ी होगी। भाजपा इस सीट पर पांचवीं बार अपनी जीत कायम रखने के लिए चुनाव मैदान में उतरी है, वहीं गोपालगंज लालू का गृहजिला है। ऐसे में आरजेडी इस सीट को जीत कर अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करना चाहेगी। हरियाणा की आदमपुर सीट हरियाणा की आदमपुर विधानसभा सीट पर कुलदीप बिश्नोई की अग्निपरीक्षा हो रही है। उपचुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर है। आदमपुर सीट 1968 से भजनलाल परिवार के पास रही है। दिवंगत मुख्यमंत्री ने 9 बार, उनकी पत्नी जस्मा देवी ने एक बार और कुलदीप बिश्नोई ने 4 बार इसका प्रतिनिधित्व किया है। इस उप चुनाव में कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल और आम आदमी पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं।महाराष्ट्र की अंधेरी विधानसभा सीट पर इस बार उद्धव ठाकरे और एकनाथ गुट की परीक्षा हो रही है। शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ बगावत के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े की लोकप्रियता की यहां परीक्षा है। अंधेरी (ईस्ट) सीट से शिवसेना के दिवंगत रमेश लटके विधायक थे। रमेश लटके उनके असमय निधन के बाद यह सीट खाली हुई है। उद्धव ठाकरे ने दिवंगत लटके की पत्नी रुतुजा लटके को इस सीट से टिकट दिया है, उनके सामने चार निर्दलीय उम्मीदवार हैं। तेलंगाना की मुनूगोड़े विधानसभा सीट पर टीआरएस और भाजपा के बीच मुख्य टक्कर हो रही है। हालांकि, ये सीट कांग्रेस के पास थी, कांग्रेस विधायक कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी के इस्तीफा देने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। रेड्डी अब भाजपा का दामन थाम चुके हैं। भाजपा ने रेड्डी को ही चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पलवई श्रावंती को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, टीआरएस ने के प्रभाकर रेड्डी पर को चुनाव मैदान में उतारा है। ओडिशा की धामनगर सीट 9 सितंबर को भाजपा विधायक बिष्णु चरण सेठी के निधन के बाद रिक्त हो गई थी। भाजपा इस सीट पर फिर जीत की उम्मीद से उतरी है। भाजपा ने बिष्णु के बेटे सूर्यबंशी सूरज को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के सामने बीजू जनता दल (बीजेडी) के अबंती दास और कांग्रेस के बाबा हरेकृष्णा सेठ कड़ी चुनौती पेश करेंगे ऐसी संभावना जताई जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व विधायक राजेंद्र दास निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उपचुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में धामनगर सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

## रूस हमले के बाद एक करोड़ 40 लाख लोग अपना घर छोड़ने पर मजबूर

रूसी सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन पर 24 फरवरी को हमला के बाद से अब तक यूक्रेन में एक करोड़ 40 लाख लोग अपना घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। इनमें से 63 लाख से अधिक लोग देश की सीमाओं के भीतर ही विस्थापित हुए हैं। यूएन शरणार्थी एजेंसी के प्रमुख फिलिपो ग्रैण्डी ने चेतावनी जारी और कई महीने से जारी युद्ध के सदमे से उबरने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। उनके रोजगार व आय का स्रोत खत्म हो गया है, जबकि अति-आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, ईंधन और उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। शरणार्थी मामलों के उच्चायुक्त ने कहा कि कठिन



करते हुए कहा कि सर्दियों का मौसम जल्द ही हमारे सामने होगा और यह कठिनाई भरा समय साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में सर्दियां कड़ाके की पड़ती है, जो शरणार्थियों के लिए बहुत कठिनाई भरी हो सकती है। हमें हरसम्भव प्रयास करने होंगे ताकि पहले से ही अपने जीवन में कठिनाई सह रहे लोगों के लिये ठण्ड को चुनौती बनने से रोका जा सके। यूएन शरणार्शी एजेंसी ने आगाह किया कि लोग अपने क्षतिग्रस्त घरों को फिर से खड़ा करने, अपने परिवार से फिर मिलने चुनौतियों के बावजूद, प्रभावित लोगों में इस संकट से उबरने और अपनी क्षतिग्रस्त इमारतों का फिर से निर्माण करने में लगे हैं। खबर है की बिजली संकट के बाद यूक्रेन की राजधानी कीव में पानी का बड़ा संकट आ गया है। वहां के करीब 80 फीसद इलाके में पीने का पानी नहीं है। यूक्रेन ने दावा किया कि एक दिन पहले रूस ने फिर से कीव पर अंधाधुंध मिसाइलें बरसाईं है। जिनसे वहां के पावर प्लांट और हाइड्रो पावर प्लांट को भारी नुकसान हुआ है।और इसी वजह से आधे से ज़्यादा कीव में पीने का पानी नहीं है।

## 2002 से अब तक 171 से अधिक मिसाइलें दाग चुका है उत्तर कोरिया

उत्तर कोरिया द्वारा इस वर्ष धड़ल्ले से मिसाइल टेस्ट किए जा रहे हैं। उत्तर कोरिया प्रमुख किम जोंग उन मिसाइल परिक्षणों को लेकर एक बार फिर अलर्ट हो गए हैं। इस साल जनवरी से उन्होंने मिसाइल परिक्षणों की शुरुआत की थी और लगभग हर माह उन्होंने इनका टेस्ट पाने के बाद किम के आदेश पर उत्तर कोरिया 150 से अधिक मिसाइलों को टेस्टिंग के नाम पर लान्च कर चुका है। इस वर्ष की बात करें तो वो अब तक कुल 28 बार मिसाइल टेस्ट कर चुके हैं। इन 28 बार में उन्होंने अब तक 71 से अधिक मिसाइलें दागी हैं।




किया है। आपको बता दें कि इससे पहले किम के आदेश पर उत्तर कोरिया ने वर्ष 2017 में सबसे अधिक 16 मिसाइल परिक्षण किए थे, जिनमें आईसीबीएम का भी टेस्ट शामिल था। गौरतलब है कि किम ने अपने पिता और देश के सर्वोच्च नेता किम जोंग इल के निधन के बाद दिसंबर 2011 में सत्ता हासिल की थी। इसके बाद किम जोंग उन ने सबसे अधिक ध्यान अपने परमाणु कार्यक्रम पर भी लगाया है। सत्ता मंगलवार को ही उत्तर कोरिया ने एक साथ 23 मिसाइलें दागी थी। 2002 से अब तक उत्तर कोरिया कुल 90 मिसाइल टेस्ट किए हैं। इस दौरान उत्तर कोरिया ने कुल 176 मिसाइलें दागीं, जिनमें से कुछ ही विफल रही हैं। उत्तर कोरिया ने अपनी हासान्ग 14 आईसीबीएम मिसाइल का पहला टेस्ट 4 जुलाई 2017 को किया था। इसके बाद इसके कई टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरमंडल मोड़ पर सेब भरा ट्रक पलटने से हाईवे पर सुबह से लगा है जाम, ट्रैफिक कर्मी बेदम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जम्मू।** पुरमंडल मोड़ पर वीरवार की सुबह सेब से भरा एक ट्रक पलट गया। उसके बाद से जम्मू-पठानकोट हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। देखते ही देखते वहां जाम लगने लगा। कुछ ही देर में यह जाम तीन किलोमीटर लंबा हो गया। कुंजवानी से लेकर पुंडमंडल मोड़ तक एक लेन में वाहन रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रहे हैं। कालूचक और पुलमंडल मोड़ पर कुछ ट्रैफिक कर्मी नजर तो आए लेकिन, जाम की हालत के सामने वे बेदम दिख रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घाटी से सेब लेकर दिल्ली की ओर जा रहा एक ट्रक पुरमंडल मोड़ पर असंतुलित होकर हाईवे पर पहल गया। यह हादसा पुलिस चौकी



के पास ही हुआ। हादसे के बाद देखते ही देखते जम्मू से पठानकोट की तरफ जाने वाले लेन में वाहनों की कतारें लगने लगी। कुछ ही देर में जाम लंबा हो गया है। उसके बाद पुलिस ने क्रेन को वहां बुलवा पलटे ट्रक को पहले हाईवे से किनारे करवाया। उसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो हुई, लेकिन जाम खुलने का नाम नहीं ले रहा है। हाईवे पर लगे जाम में एक एंबुलेंस फंस गया। उसमें एक गंभीर हालत में मरीज था। उसे जम्मू में किसी अस्पताल से दूसरे राज्य के लिए रेफर किया गया था। जाम की हालत देखकर मरीज के परिवार वालों का हाल बुरा हो रहा था। लेकर ट्रैफिक कर्मी जाम के सामने बेदम नजर आ रहे थे। एक लेन में बड़े वाहनों की तीन कतारें लगी हुई थी, लेकिन उन्हें समझाने वाला कोई नहीं था। वाहन चालकों की हड़बड़ी और ट्रैफिक पुलिस की सुस्ती के कारण एंबुलेंस काफी देर फंसा रहा और मरीज की सांस अटकी रही।

# विहिप व बजरंग दल ने रक्तदान शिविर का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने हर साल की भांति




इस साल भी हुतात्मा दिवस ( रक्तदान महादान) का आयोजन किया । जिसमें नोएडा महानगर के कार्यकर्ताओं ने करीब 150 यूनिट रक्तदान किया, और हर साल की भाती प्रण लिया कि जहां भी भविष्य में आवश्यकता होगी वहां रक्तदान कर मदद करेंगे घ् जिसमें बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया जी उपस्थित रहे और उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ घ् इस महादान में नोएडा महानगर के अध्यक्ष लालमणि पाण्डेय जी, कार्याध्यक्ष बहन छाया जी, मंत्री विवेक केके मिश्रा जी, नोएडा विभाग के संयोजक ललित भारद्वाज जी, संयोजक गंगा जी, सहसंयोजक प्रवीण जी एवं अन्य महानगर पदाधिकारी मौजूद रहे घ् ये महादान सेक्टर 31 निठारी गांव नोएडा में हुआप्रयागराज थाना शाहगंज डफरिन हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने किया हड़ताल डफरिन हॉस्पिटल के ही कर्मचारी, फार्मासिस्ट विपिन मिश्रा की पत्नी के देहांत के बाद गुस्साए डॉक्टर , नर्स व हॉस्पिटल कर्मचारी, हॉस्पिटल मैनेजमेंट के खिलाफ खोला मोर्चा बताया जा रहा है विपिन मिश्रा की पत्नी की तबीयत खराब होने के बावजूद उन्हें अवकाश नहीं दिया गया और विपिन मिश्रा की पत्नी का देहांत हो गया जिससे आक्रोशित डफरिन हॉस्पिटल के डॉक्टर् नर्स व कर्मचारी हड़ताल पर जा चुके हैं डफरिन हॉस्पिटल में हंगामा जारी।

# बाबा के ऊपर चला बाबा का बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** के गेझा गांव की पंचायत की जमीन पर कुटी के बाबा ने अतिक्रमण किया हुआ था। आज जिला प्रशासन एवं पुलिस फोर्स के



साथ गेझा पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई 16 से अधिक दुकानों को ध्वस्त कर दिया। यह जमीन करीब 400 करोड रुपए की बताई गई है। करीब 15 सालों से बाबा यहां से किराया वसूल रहा है। जिला प्रशासन की ओर से यह बड़ी कार्रवाई की गई है। खुद बाबा और उसके चेले यहां से अब तक करोड़ों रुपए का किराया भी वसूल चुके है। धर्म की आड़ में यह बाबा सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ था। पता लगाया जा रहा है कि बाबा ने और कितनी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है।

# गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला के बाद चौथा पुलिस कमिश्नरेट होगा सोनीपत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनीपत।** सोनीपत जिला जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट बनेगा। यहां आइजी रैंक के अधिकारी पुलिस कमिश्नर होंगे और तीन पुलिस जोन बनाए जाएंगे। इस संबंध में गृह




मंत्रालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री की मुहर लगनी बाकी है। मुख्यमंत्री की संस्तुति मिलते ही सोनीपत में जिला पूर्वी, पश्चिमी और गोहाना पुलिस जोन बन जाएगा। क्यों हो रही कवायद सोनीपत में मारुति की नई फैक्ट्री का शिलान्यास और रेलवे के कोच नवीनीकरण फैक्ट्री के शुरू होते ही जिले का फलक काफी बढ़ गया है। इसे देखते हुए गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकूला के बाद सोनीपत को पुलिस कमिश्नरेट बनाने की कवायद गृह मंत्रालय ने शुरू कर दी है।इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भिजवाया गया है। इसमें जिले में सभी 15 थानों को तीन जोन में समायोजित किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार जीटी रोड के सभी थानों गन्नौर, बड़ी, मुरथल, राई, बहालगढ़ और कुंडली पूर्वी पुलिस जोन में शामिल होंगे, जबकि पश्चिमी जोन में थाना सिटी सोनीपत, सदर सोनीपत, सिविल लाइन, सेक्टर-27 और थाना खरखौदा शामिल होंगे।

# शिअद अध्यक्ष सुखबीर बादल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी, आज अमृतसर की अदालत में होंगे पेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अमृतसर।** अमृतसर की एक अदालत ने शिरोमणि अकाली दल बादल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और सीनियर नेता विरसा सिंह वल्टोहा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। पहले यह मामला बाबा बकाला साहिब की अदालत में चल रहा था, जिसके पश्चात इसे अमृतसर कोर्ट में शिफ्ट किया गया है। दरअसल, अदालत की तरफ से सुखबीर सिंह बादल को समन भेजे गए थे। यह समन उनकी तरफ से रिसीव नहीं किए



गए। अब इस मामले में अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल आज अदालत में पेश होने के लिए पहुंचेंगे। वर्ष 2021 में ब्यास के नजदीक दरिया में हो रही माइनिंग साइट पर जाकर सुखबीर सिंह बादल ने कंपनी पर अवैध माइनिंग करने के कई आरोप लगाए थे। इसके पश्चात फ्रेंड्स एंड कंपनी ने थाना ब्यास में शिअद अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत मिलने के बाद थाना ब्यास की पुलिस ने सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ कंपनी वर्करों को धमकाने और कोविड नियमों की अनदेखी करने का मामला दर्ज किया था।

# कार व्यापारी के मर्डर की बड़ी साजिश नाकाम, 5 लाख की सुपारी लेने वाला कान्ट्रैक्ट किलर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पुलिस ने खतरनाक कांट्रैक्ट किलर को गिरफ्तार किया है। साथ ही कार व्यापारी की हत्या की साजिश को भी पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया है। वांटेड कांट्रैक्ट किलर जितेंद्र त्यागी की गाजियाबाद पुलिस को लंबे वक्त से तलाश थी। जितेंद्र त्यागी के खिलाफ पूर्व में हत्या समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित के पास से पिस्टल और कैश बरामद गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कार व्यापारी की हत्या की कोशिश के आरोपित कांट्रैक्ट किलर को गिरफ्तार कर लिया है। जितेंद्र त्यागी के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी को बुधवार रात




गिरफ्तार कि गया। पुलिस ने उसके पास से एक 9 एमएम की आटोमेटिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और डीलर को मारने के लिए ली गई सुपारी के 58,000 रुपये की राशि बरामद की है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी जितेंद्र त्यागी को ओपुलेंट माल के पास जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपित ने कार व्यापारी की हत्या के बदले संपूर्णानंद उर्फ काले अनेजा से पांच लाख रुपये की सुपारी लेने की बात स्वीकार की है। आरोपित ने बताया कि उसे 1 लाख रुपये बतौर एडवांस मिले थे और शेष 4 लाख रुपये हत्या करने के बाद मिलने वाले थे।

# गोपालगंज उपचुनाव में तेजस्वी का चलेगा जादू या फिर बीजेपी मारेगी बाजी कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोपालगंज।** विधानसभा उपचुनाव के लिए गुरुवार को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। बुधवार को कर्मियों के डिस्पैच सेंटर पर योगदान करने के बाद उन्हें अंतिम ब्रीफिंग की गई। इसके बाद मतदान कर्मी बूथों के लिए रवाना हो गए। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी 330 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। गुरुवार को सुबह सात बजे से इन मतदान केंद्रों पर 3,31,466 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह आठ बजे डिस्पैच सेंटर पर मतदान कर्मियों ने योगदान किया। इसके बाद उन्हें अंतिम रूप से चुनाव कराने के तौर तरीके के बारे में जानकारी दी गई। मतदान कर्मियों को बूथ पर रवाना किए जाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई। पूरे दिन यह प्रक्रिया चलती रही। इसके साथ ही पेट्रोलिंग पार्टी व उनके साथ तैनात किए गए पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा बलों को उनके वाहन के साथ भेजे जाने की प्रक्रिया चलती रही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी तथा एसपी आनंद कुमार तमाम तैयारियों का जायजा लेते रहे। गुरुवार की सुबह सात बजे से शाम के छह बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। वैसे मतदान केंद्र जहां शाम के छह बजे भी मतदाता पंक्ति में खड़े मिलेंगे, उन्हें भी मतदान करने का मौका दिया जाएगा। शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने गोपालगंज को चार सुपर जोन, 20 विशेष जोन, 40 जोन तथा 40 सेक्टर में बांटा है। चुनाव को देखते हुए सभी सेक्टर दंडाधिकारी को जोनल दंडाधिकारी



की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुरुवार को पूरी मतदान प्रक्रिया पर सामान्य प्रेक्षक की भी पैनी नजर रहेगी। 101-गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में डटे कुल नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इन प्रत्याशियों में भाजपा की कुसुम देवी, राजद के मोहन प्रसाद गुप्ता, बहुजन समाज पार्टी की इंदिरा यादव, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के प्रमोद कुमार, प्रगतिशील समाज पार्टी के संजय कुमार प्रसाद, जन जनवादी पार्टी के जगमोहन गुप्ता, एआइएमआइएम के प्रत्याशी अब्दुल सलाम, भारतीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के मोतीलाल प्रसाद तथा निर्दलीय विनय कुमार राय शामिल हैं। प्रशासनिक स्तर पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए थाना स्तर से लेकर अनुमंडल व जिलास्तर पर भी क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। मतदान समाप्ति के बाद पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट को थावे स्थित शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में बनाए गए विधानसभा वार वङ्कागृह में सुरक्षित रखा जाएगा। वङ्कागृह की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। सबसे अंदरूनी सुरक्षा घेरा पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। मध्य स्तर के घेरा पर बीएमपी तथा बाहरी घेरा की सुरक्षा जिला सशस्त्र पुलिस के हवाले है। इसके साथ ही सीसी कैमरे से भी वङ्कागृह की कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र के कुल आठ केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का ख्याल रखने के लिए प्रबंध किए गए हैं। बूथ पर मतदाताओं के लिए हर तरह इंतजाम से लेकर अन्य तमाम प्रबंध रहेंगे। इसके अलावा गर्भवती, दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बूथ पर अलग से लाइन लगाने की व्यवस्था की जाएगी। आदर्श मतदान केंद्र को आकर्षक तरीके से सजाने व संवारने का कार्य बुधवार को पूरे दिन चलता रहा। जिलाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी ने मतदान की पूर्व संध्या पर बताया कि जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शहर से लेकर गांव तक जागरूकता अभियान चलाया गया है। इसका एकमात्र मकसद अधिकाधिक मतदान कराना है। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान के प्रतिशत को आगे ले जाना है। उन्होंने आम जनता से कहा कि जिला प्रशासन उनके साथ है। किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो सूचना दें, हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। एसपी आनंद कुमार ने बताया कि मतदान के दौरान सभी 330 बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अपराधियों, उपद्रवी तत्वों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अब भी लगातार कार्रवाई जारी है।

# लोकतंत्र के उत्सव में दिखा अनोखा उत्साह, पंचायत चुनाव में भिवानी में मतदान केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**भिवानी।** जिले में पंचायतती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2022 के प्रथम चरण में बुधवार को ग्राम पंचायतों में सरपंच व पंच के लिए सुबह 7 बजे से मतदाताओं ने गांव की सरकार चुनने के लिए लोकतंत्र के महोत्सव में उत्साह से मतदान कर भागीदारी निभाई। मतदान के चलते प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत एवं डीसी लगातार मतदान केंद्रों का एक्शन कर रहे हैंपुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार मतदान



केंद्रों पर राउंड लगाती रही। खंड तोशाम के रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं उपमंडल अधिकारी ( नागरिक) मनीष कुमार फौगाट ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया। वहीं डीएसपी आशीष चौधरी, थाना प्रभारी सुखबीर जाखड़ पुलिस बल के साथ गांवों के दौरे पर रहे। युवाओं के साथ महिलाओं, बुजुर्ग और दिव्यांगों में भी गांव की सरकार चुनने के लिए मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। मतदान के प्रति उत्साह का आलम यह रहा की बीमार, चलने फिरने में असमर्थ तथा बुजुर्ग भी गांव का मुखिया बनाने में पीछे नहीं रहे।

# बसों में यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर, अब साधारण बसों में सफर के लिए भी आनलाइन बुक होंगी टिकट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गाजियाबाद।** अकसर साधारण बसों में सफर करने के लिए लोगो को टिकटें लेने के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। लेकिन अब यूपी की बसों में सफर करना होगा और भी आसान होगा, क्योंकि अब एसी बसों की तरह साधारण बसों में सफर के लिए लोग आनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने तैयारी गाजियाबाद, कौशांबी, आनंद विहार और कश्मीरी गेट बस अड्डे से चलती हैं। मेरठ, मुज्जफरनगर, लखनऊ, बरेली, झांसी, महोबा, कानपुर, गोरखपुर समेत उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए चलने वाली साधारण बसों में आनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा होगी। साथ ही उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, हल्दवानी व अन्य जिलों को जाने वाली बसों में भी यह सुविधा दी जाएगी। इसकी तैयारी



शुरू कर दी है। कौशांबी, गाजियाबाद, आनंद विहार और कश्मीरी गेट बस अड्डे पर बसों में आरक्षित टिकट के लिए काउंटर भी खोले जाएंगे।यूपीएसआरटीसी के गाजियाबाद में क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर एसी के बाद अब साधारण बसों में भी आनलाइन टिकट बुकिंग शुरू करने की तैयारी की जा रही है। लोग घर बैठे यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट पर जाकर आरक्षित टिकट ले सकेंगे। डिपो पर काउंटर खोले जाएंगे। काउंटर से भी लोग साधारण व एसी बस की आरक्षित टिकट ले सकेंगे। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। एके सिंह ने बताया कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए यूपीएसआरटीसी की बसें की जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय को भेजी जाएगी। कार्तिक माह के पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान करने के लिए जाते हैं। लोगों की राहत के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से 200 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। चार से नौ नवंबर तक बसों का संचालन किया जाएगा। यूपीएसआरटीसी के गाजियाबाद में क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि आठ नवंबर कार्तिक पूर्णा के दिन गंगा स्नान है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग गढ़मुक्तश्वेर और अनूप शहर में गंगा स्नान के लिए जाते हैं। गंगा स्नान करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 200 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा।

# दिल्ली में प्रदूषण पर राजनीति तेज, जंतरमंतर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल का धरना शुरू


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के शहरों में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक में लगातार इजाफा होना जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार को 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में जा सकता है। उधर, सफर इंडिया के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में नोएडा शहर की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, यहां पर 393 पहुंच गया है। इसके अलावा बृहस्पतिवार को ही दिल्ली से सटे गुरुग्राम दिल्ली एयर पोर्ट के करीब वायु प्रदूषण बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है।इस बीच वायु प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। दिल्ली के दिग्गज भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल वायु प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर बृहस्पतिवार को जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं। भाजपा नेता के साथ अन्य नेता और पार्टी नेता भी शामिल हैं। प्रदूषण पर राजनीति मत करो : अरविंद केजरीवाल उधर, दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए अरविंद केजरीवाल केंद्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमलवार हैं।


# लालू यादव के युवराज हैं तेजस्वी, राजद में उनके परिवार को छोड़ बाकी सब चपरासी संजय जायसवाल ने किया तीखा हमला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोपालगंज।**राष्ट्रीय जनता दल नौकरों की पार्टी है। इसमें लालू प्रसाद यादव के परिवार को छोड़ कर अन्य किसी का एक नौकर (चपरासी) से ज्यादा इज्जत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी में सभी वर्ग व लोगों को सम्मान मिलता है। उक्त बातें सोमवार को बंजारी मोड़ स्थित एक होटल में भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी के पक्ष में चुनावी प्रचार करने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने कहीं। संजय जायसवाल ने कहा कि लालू प्रसाद यादव का पूरा परिवार







एक तरह से राजद पार्टी में कब्जा जमाए हुए है। बिहार की जनता यह जानती है कि लालू प्रसाद यादव का पूरा बिहार में अपने सरकार में केवल अपना विकास करने का कार्य किए। उन्होंने तेजस्वी प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि लालू प्रयाद यादव के पुत्र तेजस्वी यादव युवराज हैं। कोरोना काल में कर रहे थे लंदन की सैर संजय जायसवाल ने कहा कि तेजस?वी यादव जब सरकार में नहीं थे तो कोरोना काल में बिहार के गरीबों की सेवा करने की बजाए दिल्ली व लंदन में घूमने गए थे। जब सरकार में जगह मिली तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोटो ङ्क्षखचाने में मुकाबला करते हैं। हर रोज फोटो के माध्यम से ही अपना विकास लोगों तक पहुंचा रहे हैं। क्योंकि धरातल पर विकास कहीं है नहीं। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी व विधान पार्षद राजीव कुमार मौजूद थे। गोपालगंज विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा के द्वारा चुनाव प्रचार को तेज कर दिया गया है। सोमवार की शाम बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सह राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी गोपालगंज पहुंच गए। इस दौरान वह देर शाम सिनेमा रोड में शहर के वैश्य वर्ग के लोगों के साथ बैठक करने का कार्य करेंगे। साथ ही मंगलवार की दोपहर सुशील कुमार मोदी शहर में रोड शो करेंगे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल, भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी के अलावे कई नेता शामिल होंगे।

# दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने यूएपीए के तहत 9 आतंकियों पर तय किए आरोप, एक कश्मीरी युवक बरी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया (घ्एघ्ए) की विचारधारा के आनलाइन प्रचार से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम




(यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में नौ आरोपितों पर आरोप तय करते हुए पटियाला हाउस की सत्र अदालत ने अहम टिप्पणी की है। साहित्य को रखना अपराध नहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने कहा कि जब तक कि आतंकवादी कृत्यों को करने के संबंध में कोई सामग्री न पेश की जाए तब तक विशेष धार्मिक दर्शन वाले जिहादी साहित्य को रखना अपराध नहीं होगा। अदालत ने कहा कि सिर्फ ऐसे साहित्य को रखना अपराध नहीं करार दिया जा सकता, क्योंकि इस तरह के साहित्य को कानून के किसी प्रविधान के तहत प्रतिबंधित नहीं किया गया है। ऐसा प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 19 द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता और अधिकारों के खिलाफ है।अदालत ने यह टिप्पणी आरोपित ओबैद हामिद मट्टा पर यूएपीए की धारा 2 (ओ) और 13 के तहत आरोप तय करते हुए की। अदालत ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि मट्टा कुछ कट्टर इस्लामी साहित्य की तलाश कर रहा था या उसे पढ़ रहा था। यह किसी भी अपराध को करने के बराबर नहीं है। हालांकि, वह गैरकानूनी गतिविधियों के कमीशन में शामिल था और इसलिए यूएपीए अधिनियम की धारा 13 के साथ धारा-2 (ओ) के तहत उसने अपराध किए हैं। ओबैद मट्टा के अलावा अदालत ने केरल, कर्नाटक व कश्मीर से जुड़े नौ आरोपितों मुशाब अनवर, रीस रशीद, मुंडादिगुट्टू सदानंदानंद मारला दीप्ति, मो. वकार लोन, मिजा सिद्दीकी, शिफा हारिस, ओबैद हामिद मट्टा और अम्मार अब्दुल रहिमन के खिलाफ भारतीय दंड सहिता की धारा-120-बी व यूएपीए की धारा 2 (ओ), 13, 38 और 39 के तहत आरोप तय किए। कश्मीरी युवक को किया बरी वहीं, अदालत ने 26 वर्षीय कश्मीरी युवक मुजमिल हसन भट को मामले के सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि भट के खिलाफ ऐसा कोई सुबूत नहीं है कि उसने आइएस सदस्य होने का दावा किया या फिर गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए कुछ भी किया। अदालत ने कहा कि आरोपित भारतीय सैनिकों या आइएस के गुर्गों के स्वयंभू माड्यूल होने का दावा कर रहे थे और इस तरह प्रतिबंधित संगठन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रहे थे।

# राम सेतु और थैंक गॉड को खदेड़ने में लगी कांतारा, 300 करोड़ के पार हुआ कलेक्शन



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कन्नड़ फिल्म कांतारा की बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिन ही फिल्म के हिंदी वर्जन ने इस साल की सुपरहिट फिल्म केजीएफ 2 को मात दी थी। अब कांतारा ने एक और माइल स्टोन एचीव किया है। फिल्म ने एक महीने में ही 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। ऋषभ शेट्टी के डायरेक्शन में बनी कांतारा की कर्नाटक में छप्पर फाड़ कमाई के बाद इसे 14 अक्टूबर को हिंदी भाषी राज्यों में रिलीज किया गया था। तब से फिल्म की कमाई में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। वर्ल्ड वाइड भी फिल्म को बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने कांतारा के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की अपडेट शेयर की है, उनके अनुसार 2 नवंबर को कांतारा ने वर्ल्डवाइड 305 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। साथ ही फिल्म आने वाले कुछ हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर ऐसे ही अपना जलवा कायम रखने वाली है। साउथ की कांतारा हिंदी बेल्ट में भी राज कर रही है। दिवाली पर रिलीज हुई अक्षय कुमार की राम सेतु और अजय देवगन की थैंक गॉड को तो कांतारा बॉक्स ऑफिस पर सांस भी नहीं लेने नहीं दे रही है। दोनों फिल्मों की हालत एक हफ्ते के भीतर ही पस्त हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श के अनुसार कांतारा के तीसर हफ्ते की कमाई पहले और दूसरे हफ्ते से भी भयंकर होने वाली है।

# शाह रुख खान ने फैंस संग मनाया अपना बर्थडे, केक कटिंग के बाद छैया-छैया पर झूमकर किया डांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के किंग शाह रुख खान ने अपने 58वें बर्थडे पर फैंस का दिल खुश कर दिया। उन्होंने मुंबई में अपने चाहने वालों के लिए एक स्पेशल पार्टी रखी। इस इवेंट में ने एक स्पेशल प्रोग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और फैंस के साथ बातचीत भी की। एसआरके ने अपने पॉपुलर सॉन्ग छैया-छैया पर भी डांस किया, जिससे उनके फैंस खुशी से झूम उठे। बर्थडे रिचुअल के हिसाब धन्यवाद दिया। उन्होंने बंगले के बाहर जमा भीड़ के साथ बालकनी से ली गई सेल्फी को शेयर किया और लिखा, 'प्यार के समंदर मेरे बर्थडे पर चारों तरफ फैला हुआ था। धन्यवाद मेरे जन्मदिन पर मुझे इतना खास महसूस कराने



एसआरके ने फैंस के साथ बर्थडे केक तो काटा ही साथ ही उनकी फरमाइश पर डांस भी किया। वैसे तो 2 नवंबर को हर साल ही जश्न मनाया जाता है लेकिन इस बार शाह रुख ने पठान के टीजर रिलीज के साथ इसे दोगुना कर दिया। इस सुपरस्टार ने अपने कमबैक वेंचर पठान का टीजर लॉन्च करके अपने चाहने वालों को एक उपहार दिया। बाद में शाह रुख से उन्होंने केक कटिंग भी की और फैंस ने भी इस चॉकलेट केक का आनंद उठाया। बता दें कि शाह रुख के प्री-बर्थडे बैश के लिए उनके काफी फैंस बंगले मन्नत के बाहर जमा हो हुए थे। अपने फेवरेट स्टार की एक झलक को बेताब फैंस का दिल न तोड़ते हुए एसआरके ने उन्हें वेव किया। पठान अभिनेता ने ट्विटर पर भी अपने प्रशंसकों को उनकी शुभकामनाओं के लिए के लिए आभारी हूं और खुश हूं।' शाह रुख की लाडली सुहाना ने एक प्यारी, मनमोहक थ्रोबैक तस्वीर साझा करके अपने पापा के इस स्पेशल डे का जश्न मनाया। तस्वीर में सुहाना और आर्यन खान दोनों शाह रुख को किस कर रहे हैं। सुहाना ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे सबसे अच्छे दोस्त को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

# अवतार में फिर दिखी पेंडोरा की सुंदर दुनिया,वीएफएक्स और अंडरवॉटर सीन का फैंस पर चला जादू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2009 में आई जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार' ने पूरी दुनिया में धूम मचाई थी। इसके जैसी फिल्म किसी भी राज्य में अभी तक नहीं बनी है। कमाल के एक्शन और रोमांच से भरी इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर पूरे 13 साल बाद रिलीज किया जा रहा है। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है, जिसे देखने के बाद फैंस के लिए किस हद तक जाते हैं, यह दिखाया जाएगा। ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया को दिखाया गया है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' का नया ट्रेलर दो नवंबर को यूट्यूब पर जारी किया गया, जिसे देख फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। ट्रेलर से मालूम होता है कि फिल्म में वीएफएक्स का जबरदस्त इस्तेमाल किया गया है। जेम्स कैमरून द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना,



फिल्म को थिएटर में देखने का इंतजार नहीं हो रहा। जेम्स कैमरून दर्शकों को पेंडोरा की शानदार लेकिन एक्शन से भरपूर दुनिया में वापस ले जाने के लिए तैयार हैं। पहली फिल्म को रिलीज हुए एक दशक से भी अधिक समय हो गया है। एक लंबे इंतजार के बाद कैमरून फिल्म के सीक्वल के साथ हाजिर हैं। पहले पार्ट की कहानी जहां से खत्म हुई थी, दूसरे की वहीं से शुरू होती है। अवतार के सीक्वल में सुली परिवार की वो कहानी दिखाई जाएगी, जहां वह एक दूसरे को सुरक्षित रखने के लिए कितनी लड़ाई लड़ते हैं और सिगोरनी वीवर, स्टीफन लैंग और केट विंसलेट हैं। फिल्म की स्क्रीनप्ले जेम्स कैमरून, रिक जाफा और अमांडा सिल्वर ने मिलकर रखा है। वहीं, अवतार की दमदार स्क्रिप्टिंग जेम्स कैमरून, रिक जाफा, अमांडा सिल्वर और जोश फ्रीडमैन ने किया है 'अवतार' की सीक्वल फिल्म 16 दिसंबर को बड़े पर्दे पर जादू दिखाने के लिए तैयार है। यह फिल्म अंग्रेजी के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में भी दिखाई जाएगी।

# केबीसी के सेट पर नीना गुप्ता ने अमिताभ बच्चन से पूछा पर्सनल सवाल, सुनकर सकपका गए बिग बी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पापुलर रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति शुरुआत से ही सुर्खियों में बना हुआ है। जहां होंगे। बता दें कि अमिताभ बच्चन समेत तीनों एक्टर्स की फिल्म उचाई रिलीज होने वाली है, जिसके प्रमोशन में ये स्टार्स यहां पहुंचे। हैं। नीना, अमिताभ से पूछती हैं कि अगर उन्हें अपनी जिंदगी में कुछ बदलने का मौका मिले, तो क्या बदलना चाहेंगे? इस सवाल का



पिछले महीने बिग बी के बर्थडे पर स्पेशल एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। वहीं, आने वाले दिनों में उनकी अपकमिंग फिल्म से जुड़ा एक स्पेशल एपिसोड दिखाया जाएगा। कौन बनेगा करोड़पति के अपकमिंग एपिसोड में बिग बी के करीबी दोस्तों की मंडली आने वाली है, जिनके साथ बिग बी खूब मस्ती और धमाल करते देखे जाएंगे। अनुपम खेर, बोमन ईरानी और नीना गुप्ता केबीसी के अपकमिंग एपिसोड का हिस्सा इस दौरान उन्होंने डांस भी किया। इतना ही नहीं बल्कि इस एपिसोड में कुछ क्षण के लिए केबीसी का होस्ट भी बदल गया। नीना गुप्ता, केबीसी होस्ट की हॉट सीट पर बैठकर अमिताभ बच्चन से सवाल करती नजर आएंगी। सोनी चैनल ने इंस्टाग्राम पर किसी का नया प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो में नीना गुप्ता अमिताभ बच्चन से एक ऐसा सवाल पूछती हैं जिसे सुनकर वह हैरान और हक्के-बक्के हो जाते अमिताभ बच्चन ने क्या जवाब दिया है, यह तो 7 नवंबर को ही पता चल पाएगा। कलर्स द्वारा शेयर किए गए इस प्रोमो का पूरा एपिसोड इसी दिन दिखाया जाएगा। इसा एपिसोड का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें अनुपम खेर बिग बी की मालिश करते देखे जा रहे हैं। अमिताभ बच्चन भी उनकी सेवा का खूब मजा ले रहे हैं। बहरहाल, यह शो 7 नवंबर को रात 9 बजे टेलीकास्ट होगा। फिल्म ऊंचाई 11 नवंबर को थिएटर्स में दस्तक देगी।

# टिकट बुक करने से पहले जानें कैसी है कटरीना कैफ की 'फोन भूत', यहां पढ़ें पहला रिव्यू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर की हॉरर कॉमेडी 'फोन भूत' इस शुक्रवार 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर इसका काफी बज है। फैंस इस तिकड़ी को देखने लिए बेताब है और कटरीना ने पहली बार हॉरर जॉनर में हाथ आजमाया है। तो अगर आप भी इस विकेंड ये फिल्म देखना का मूड बना रहे हैं और टिकट बुक करने वाले हैं तो पहले यहां पढ़ लें इस फिल्म का फर्स्ट रिव्यू। दुबई सेंसर बोर्ड के सदस्य उमेर संधु ने 'फोन भूत' देख ली है और अपना रिव्यू भी शेयर किया है। उन्हें फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई और उनका मानना है कि कटरीना को अपनी दूसरी पारी के लिए इससे बेहतर फिल्म चुननी चाहिए थी। इसके साथ ही उन्होंने इसे सिर दर्द भी बताया। उमेर का मानना है कि फिल्म डिजास्टर होने वाली है। हालांकि ये उनका मत है सोशल मीडिया पर लोग फिल्म की कॉमेडी और ट्रेलर के दीवाने हो रहे हैं। लोगों कैटरीना कैफ के फैंस ने उमेर को उनके इस रिव्यू के लिए जमकर खरी-खोटी सुनाई। एक यूजर ने लिखा कि- हम भारतीयों को आपसे रिव्यू नहीं चाहिए। आप जो हमारी फिल्मों के रिव्यू कर करके पैसे कमा रहे हैं, बंद कर दीजिए ये सब। भारतीय सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की डबल एक्सेल से ज्यादा बेहतर है। इसके पीछे का कारण है फिल्म में कटरीना कैफ का होना और कॉमेडी जॉनर ऐसा ही जिसे




टीम जब क्रिकेट में हारती है तो आप मजे लेते हैं, ऐसे इंसान से हमें हमारे सुपरस्टार्स के बारे में कुछ नहीं सुनना। एडवांस बुकिंग की बात करें तो 'फोन भूत' की कमाई जाह्नवी कपूर की मिली, ज्यादातर लोग देखना चाहते हैं। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार ट्रेड एनालिस्ट गिरीश जौहर की मानना है कि भूत पुलिस को पहले दिन 1.5 से 2 करोड़ के बीच की ओपनिंग मिलने की उम्मीद है।

# इसलिए 80 की उम्र में भी इतने फिट हैं अमिताभ बच्चन ये रहा बिग बी का डाइट प्लान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन इस बार कौन बनेगा करोड़पति के 14वें सीजन में रोज नए खुलासे कर डाइट प्लान बता दिया। लगभग हर रोज टीवी और फिल्मों के लिए शूट करना, जिम- एक्सरसाइज और पब्लिक लाइफ में भी उतने



रहे हैं। हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट के साथ बिग बी इतने सहज हो जाते हैं कि वो अक्सर ही अपनी पर्सनल लाइफ भी डिस्कस करने लगते हैं। जीवन के 80 बसंत देख चुके अमिताभ आज भी किसी नौजवान की तरह ही एक्टिव हैं। अपनी इस फिटनेट का राज उन्होंने केबीसी के सेट पर खोल दिया जब बातों-बातों में उन्होंने अपना ही एक्टिव अमिताभ बच्चन 80 की उम्र में भी उतने ही फिट है जितना कोई यंग एक्टर। इनकी फिटनेस के पीछे है सीक्रेट डाइट प्लान। केबीसी 14 के सेट पर नई कंटेस्टेंट के तौर पर आईं विद्या उदय रेडकरी। बिग बी ने विद्या से उनका फेवरेट फूड पूछा। तो जवाब में विद्या ने कहा फिश और बताया कि ये जया बच्चन का भी फेवरेट है।

# बर्थडे पर अंजलि की ड्रेस देख फैंस ने किए ऐसे कमेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस खास मौके पर अंजलि ने बीती रात दोस्तों संग जमकर पार्टी की। पार्टी में अंजलि के उर्फी जावेद भी अपने अतरंगी अंदाज में नजर आईं। इसके अलावा अंजलि के कई और खास दोस्त भी इस पार्टी में मस्ती करते दिखे। अंजलि की बर्थडे पार्टी का इनसाइड वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं की अंजलि ने किस तरह से अपने जन्मदिन पर धूम मचाई। अंजलि अरोड़ा ने अपनी बर्थडे पार्टी में रेड कलर का गाउन पहना था। उनके इस गाउन का गला आगे और पीछे से काफी डीप था। इसके साथ की गाउन के बैक में रेशम के धागों की फ्रिल लगी थी, जो इस ड्रेस को और भी खूबसूरत बना रहा है। इस ड्रेस के साथ अंजलि ने गले में रेड एंड व्हाइट स्टोन का नेकलेस पहना है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। इसके साथ ही अंजलि ने अपने बालों को कवर कर बन बनाया हुआ है। उनका मेकअप भी काफी लाइट है। इस दौरान अंजलि का लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। उनके इस वीडियो को फैंस न सिर्फ पसंद कर रहे हैं, बल्कि इस पर कमेंट कर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी बधाई भी दे रहे हैं। के इनसाइड फोटोज में वो एक ओर जहां काफी खूबसूरत दिख रही हैं तो दूसरी ओर काफी मस्ती करती भी दिख रही हैं। लाल गाउन में 23 की हो चुकीं अंजलि दिलकश लग रही थीं। अंजलि ने पार्टी में केक कट किया, खूब मस्ती और ढेर सारा डांस किया। सोशल मीडिया यूजर्स भी अंजलि के लुक की तारीफ कर रहे हैं। अंजलि अरोड़ा ने बीती रात मुंबई के में दोस्तों को प्री बर्थडे पार्टी दी। इस खास मौके पर उर्फी जावेद, निशा रावल, समीक्षा सुद, पारस कलनावत, उमर रियाज, अली मर्चेंट, जीशान खान और विनीत कक्कड़ सहित कई अन्य सेलेब्स शुमार रहे। अंजलि की पार्टी में सभी सेलेब्स ने खूब मस्ती और डांस किया। आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले अंजलि अरोड़ा का एक अश्लील एमएमएस वीडियो लीक हुआ था। इस वीडियो के सामने आने के बाद अंजलि जमकर ट्रोल हुई थीं। हालांकि इसके बाद अंजलि ने अपने बयान में कहा था कि वीडियो में दिखने वाली लड़की वो नहीं हैं।



# टीना-शालीन ने प्रियंका-अंकित के रिश्ते को कहा फेक, इस वजह से गौतम की छिनी कैप्टेंसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन एक नया ट्विस्ट दर्शकों को देखने को मिल रहा है। जहां सौंदर्या और गौतम का रिश्ता लगातार सवालों के कटघरे में है, की पूरी हाईलाइट। गौतम विग बीते शनिवार को घरवालों के राशन का समझौता करके घर के कैप्टन बने थे, जिसकी वजह से उनके घरवालों के गुस्से का शिकार भी होना पड़ा था। कई घरवाले गौतम से इस कदर घूमती थीं। एक-दूसरे के साथ बेड शेयर करने से लेकर, वह किचन में भी एक-साथ खाना बनाती थीं, आज उनके लिए बिग बॉस के घर में एक-दूसरे को देखना भी नागंवारा है। बिग बॉस के घर में हाल ही में



तो वहीं घर में हर दिन के साथ शालीन और टीना के बीच की नजदीकियां बढ़ रही हैं। इतना ही नहीं बिग बॉस के घर में आने के बाद अंकित गुप्ता और प्रियंका चहर चौधरी की दोस्ती भी डगमगाती हुई नजर आई, लेकिन इन सबके बीच में घर में सौंदर्या और टीना के बीच एक नई दुश्मनी ने जन्म ले लिया है। बुधवार के एपिसोड में बिग बॉस के घर में क्या-क्या ट्विस्ट आए और कैसे एमसी स्टैंड खेल गए गौतम विग के साथ गेम, पढ़िए आज नाराज हुए की उन्होंने घर की ड्यूटी लेने से ही इनकार कर दिया। बिग बॉस ने चार दिन बाद बुधवार के एपिसोड में गौतम को उनकी कैप्टेंसी से फायर कर दिया और कहा कि वह सौंदर्या की इंग्लिश बोलने की आदत कभी नहीं सुधार सकते हैं। इतना ही नहीं बिग बॉस ने गौतम पर ये कहते हुए भी नाराजगी जाहिर की कि कैप्टन बनने के बाद उनका ध्यान केवल और केवल सौंदर्या पर ही है। टीना और सौंदर्या जो कभी बिग बॉस के घर में दोस्त बनकर एक टास्क हुआ, जिसमें एक अदालत बनाई गई और मुकदमा घर के एक्स कैप्टन गौतम पर चलाया गया। लेकिन घरवालों के मुद्दे उठाने से पहले बिग बॉस ने ही सौंदर्या को उनके फुसफुसाने की वजह से कटघरे में खड़ा किया, जिसकी वजह से उनका वीगन खाना तो छिना ही, लेकिन इसी के साथ घरवालों का राशन भी आधा हो गया। सौंदर्या द्वारा की गई गलती के बाद टीना उनसे काफी चिढ़ गईं और उन्होंने निमृत और शालीन के सामने नेशनल टेलीविजन पर उन्हें गंवार कहा। बिग बॉस के घर में बुधवार एपिसोड में अंकित और प्रियंका के बीच झगड़ा देखने को मिला, जहां उड़ारिया के फतेह ने बातों ही बातों में प्रियंका से ये कहा कि अगर पुरानी बातें बीच में लाओगे तो मैं खोलूं तुम्हारी पोल। इसके बाद प्रियंका और अंकित के बीच जमकर झगड़ा हुआ। जहां दोनों के झगड़े को देखते हुए शालीन ने उनके रिश्ते को फेक बता दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।